दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 28 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 96 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## विधायकों के निलंबन पर हल्लाबोल : कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस पर किया हमला

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर की सड़कें गुरुवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गईं। 14 विधायकों के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस नेता और विधायकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। ओडिशा विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने उन पर पानी की बौछार भी की।



**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर कुर्सियों से किया हमला :** कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के जवानों के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के जवानों पर कुर्सियों से हमला किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस नेताओं को पुलिस बल पर कुर्सियों से हमला करते हुए साफ देखा जा सकता है।

**अनुशासनहीनता के आरोप में कांग्रेस के 14 विधायक निलंबित :** ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने बुधवार को सदन में अनुशासनहीनता के आरोप में कांग्रेस के दो और विधायकों को सात दिन के लिए निलंबित कर दिया। इससे पहले कांग्रेस के 12 विधायकों निलंबित कर दिया गया था। कांग्रेस विधायक राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए सदन की समिति के गठन की मांग को लेकर सात मार्च से विधानसभा में प्रदर्शन कर रहे हैं।

**बीजद ने आरक्षण की मांग को लेकर सदन से किया था वाकआउट :** मुख्य विपक्षी दल बीजू जनता दल (बीजद) ने प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा से वाकआउट किया था और शिक्षा, नौकरियों में एसटी, एससी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण की मांग की थी।

# नगर निगम कार्यकारिणी बैठक आज

## करोड़ों रुपए के विकास कार्यों और बजट पर होगी महत्वपूर्ण चर्चा

**- वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित आय व व्यय का प्रस्तुत किया जाएगा लेखाजोखा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक होनी है। नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में कार्यकारिणी की बैठक के लिए पार्षदों, महापौर और अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि नगर निगम के सभागार में शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक होगी। कार्यकारिणी की बैठक में इस बार बजट का विषय प्रमुख रहेगा। इसके साथ ही बीते दिनों के कई विषयों पर भी चर्चा होगी।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित आय और व्यय का लेखाजोखा भी अधिकारियों द्वारा महापौर के सामने रखा जाएगा। जिसे सदन में सार्वजनिक किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्व लाइसेंस, विक्रय किराया, ठेका शुल्क, शासकीय अनुदान एवं विविध आय को लेकर भी रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जाएगा। वही वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक निर्माण, प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, संपत्ति एवं प्रवर्तन विभाग द्वारा कराए जाने वाले कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। बजट के जरिये शहर को सुधारने की घोषणा भी होगी।



### गृहकर से लेकर विज्ञापन कर की होगी समीक्षा

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में बजट महत्वपूर्ण विषय रहेगा। इस दौरान गृहकर, जलकर, सीवरकर, विज्ञापन कर, प्रेषक कर सहित अन्य करों पर चर्चा होगी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि पिछली नगर निगम की बैठक में हाउस टैक्स का मुद्दा छाया रहा था, इस बार भी इस पर चर्चा हो सकती है।

### ट्रक एवं टैक्सी स्टैंड, पार्किंग गौशाला और यूजर चार्जिज पर होगी चर्चा

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक के दौरान जहां ट्रक एवं टैक्सी स्टैंड को लेकर चर्चा होगी। तो पार्किंग व्यवस्था और उनके रेट को लेकर भी पार्षदों के पक्ष और विपक्ष खुलकर सामने आ सकते हैं। वहीं यूजर चार्जिज को लेकर भी वर्ष 2025-26 के लिए बजट से किया जाएगा।

### पिछली बार की तरह इस बार भी हो सकता है हंगामा

करंट क्राइम : नगर निगम की पिछली बैठक में हंगामा हुआ था। तो कहा जा रहा है कि शुक्रवार को कार्यकारिणी बैठक में भी हंगामे की संभावना है। नगर निगम गाजियाबाद के पार्षद विकास कार्यों पर चर्चा के साथ ही बजट और कई अन्य विषयों को लेकर सदन में अपनी नाराजगी जाहिर कर सकते हैं।

**नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और सुनील यादव ने उठाए सवाल**

# कहा, कार्यकारिणी की पहली मीटिंग के बाद आज होना चाहिए था नगर निगम उपाध्यक्ष का चुनाव








**- हर माह होनी चाहिए नगर निगम कार्यकारिणी की कम से कम एक बार बैठक**

**- निगम के एक्ट की लगातार हो रही है अनदेखी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक होनी है। कहा जा रहा है की कार्यकारिणी की बैठक में उपाध्यक्ष का चुनाव का विषय प्राथमिक होना चाहिए। पर इस बैठक में बजट और शहर के अन्य विकास कार्यों को लेकर चर्चा हो रही है। इसको लेकर नगर निगम के पूर्व एवं वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि निगम की पहली कार्यकारिणी बैठक के बाद साफ हो जाना चाहिए की दूसरी बैठक उपाध्यक्ष चुनाव के लिए होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा है कि नगर निगम का एक्ट कहता है कि हर माह कार्यकारिणी की कम से कम एक बार आवश्यक बैठक होनी चाहिए और अधिक इसे दो से तीन बार भी किया जा सकता है। वहीं बोर्ड बैठक भी होनी आवश्यक है। पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि नगर निगम का एक्ट 117/ 2/ 5 कहता है कि नगर निगम में कार्यकारिणी की मीटिंग के बाद चुनाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम में 7 से 8 महा का समय हो चुका है पर कार्यकारिणी की बैठक में निगम उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया जा रहा है। उधर पूर्व पार्षद सुनील यादव का कहना है कि कार्यकारिणी बैठक के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव होना चाहिए। पहले एजेंडा निगम उपाध्यक्ष का रहना चाहिए और दूसरा एजेंडा बजट और अन्य विषय हो सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इन दिनों नगर निगम में मनमर्जी चल रही है या तो नगर निगम के अधिकारी ठीक तथ्य और जानकारी महापौर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस वजह से बैठकों को लेकर अलग ही स्थिति बनी हुई है।

### कार्यकारिणी की बैठक को लेकर अधिकारी, निगम एक्ट को कर रहे हैं नजर अंदाज

करंट क्राइम : नगर निगम के पुराने और भाजपा के वरिष्ठ पार्षद रहे राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक को लेकर अधिकारी निगम एक्ट को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का एक्ट साफ कहता है कि अगर 6 लोगों का कार्यकाल में चुनाव हो गया है, तो उसके बाद उपाध्यक्ष कौन बनेगा यह प्रमुख विषय और एजेंडा होना चाहिए। जिस तरीके से गाजियाबाद में 7 महीने से कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो रही है और उसमें उपाध्यक्ष को लेकर फैसला नहीं लिया जा रहा है यह कहीं ना कहीं नगर निगम के एक्ट की इनदेखी है। वहीं नगर निगम के अधिकारी इसको नजरअंदाज करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि हर महा कार्यकारिणी की बैठक एक बार होना आवश्यक है और वर्ष में कम से कम हर दो माह में बोर्ड बैठक भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कार्यों और तमाम योजनाओं का दैनिक असेसमेंट और उसे सुचारू रखने का काम कार्यकारिणी ही करती है, जब कार्यकारिणी की बैठकें नहीं होगी, तो विकास कार्यों को लेकर भी दुविधा रहेगी।

### कार्यकारिणी बैठक के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव होता है मुख्य एजेंडा

करंट क्राइम : नगर निगम के पूर्व पार्षद भाजपा नेता सुनील यादव का कहना है की कार्यकारिणी की पहली बैठक के बाद दूसरी बैठक में निगम उपाध्यक्ष का मुद्दा प्रमुख एजेंडा होता है। जिस तरीके से गाजियाबाद नगर निगम में कार्यकारिणी बैठक को लेकर मनमर्जी चल रही है यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि या तो नगर निगम के अधिकारी महापौर को कार्यकारिणी बैठक के तथ्यों और जानकारी ठीक प्रकार से नहीं दे रहे हैं या यहां मनमर्जी चल रही है। वहीं पूर्व पार्षद सुनील यादव ने कहा है कि कार्यकारिणी करने का पूरा अधिकार महापौर के पास होता है, पर बैठक की जानकारी अधिकारियों द्वारा कहीं ना कहीं ठीक प्रकार से नहीं दी जा रही है। उन्होंने भी वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी द्वारा निगम एक्ट की अवहेलना की बात को उठाया है।

# खोड़ा मेला में सीन दिखाई दिया अलबेला

## उद्घाटन में दूर रहे कैबिनेट मंत्री और समापन में चेयरमैन ने बना ली दूरी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कभी-कभी कुछ मजबूरियां ऐसी होती हैं कि दूरियां बनानी ही पड़ती हैं। राजनीति में एक मेला ऐसा भी हुआ जहां दो जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग रूट तय किये। वैसे तो मेला सबको एकजुट करने के लिये होता है, लेकिन ये मेला ऐसा था कि यहां दूरियों को लेकर खेला दिखाई दिया। दरअसल सरकार के 8 साल के बेमिसाल कार्यकाल को लेकर खोड़ा नगर पालिका प्रशासन ने तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया था। अब कार्यक्रम सरकारी है तो खोड़ा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाया और उन्होंने नगर पालिका चेयरपर्सन से लेकर क्षेत्र के विधायक को भी बुलाया।

अब प्रशासन का पक्ष अपनी जगह सही और सियासी नेताओं की मजबूरियां अपनी जगह। राजनीति के बीच में मेला आ गया तो खेला भी हो गया। दरअसल राजनीति में तकरार अपनी जगह होती है और सरकार अपनी जगह होती है और ऐसे में यदि दो छोर एकसाथ मिल जाए तो सवाल खड़ा होता है। संदेश प्रत्यक्ष नहीं तो अप्रत्यक्ष जाता है। लिहाजा एक मेला ऐसा हुआ जिसमें मेला तीन दिन का था और इस मेले के तीन प्रमुख चेहरों ने अपने-अपने हिसाब से मामले को मैनेज किया। मेला भी आयोजित हो गया और अकेला-अकेला वाला सीन भी हो गया। खोड़ा नगर पालिका प्रशासन ने सरकार के 8 साल के बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर तीन दिन का मेला आयोजिन किया।

नगर पालिका प्रशासन ने खोड़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा को भी आमंत्रित किया और साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भी आमंत्रित किया। लेकिन यहां शासन की उपलब्धियों के बीच दूरियों का गजब तालमेल दिखाई दिया। तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा ने किया। जब उद्घाटन हुआ तो इस उद्घाटन से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा दूर रहे और फिर जब मेले का समापन हुआ तो दूरियों की मिसाल चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा ने भी दी। मेल का उद्घाटन करने वाली खोड़ा नगरपालिका परिषद की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा 8 साल बेमिसाल वाले मेले के समापन में नहीं पहुंची। मेले का समापन कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने किया। मेला सरकार की उपलब्धियों को लेकर था। उपलब्धियों को मेले के माध्यम से बताया गया और मेले में दोनों जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी भागीदारी भी निभाई और दूरी का संदेश भी दिया। मेले के दो प्रमुख किरदार एकसाथ नहीं आए लेकिन दोनों ने यहां अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी पूरा किया और दोनों ही मेले में आए। एक ने मेले का उद्घाटन किया और दूसरे मेले का समापन किया। जो संदेश देना था वो भी दिया।

### शानदार आयोजन कराया अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने

(करंट क्राइम)। सरकार की 8 साल की उपलब्धियों को लेकर खोड़ा नगर पालिका ने तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया। अगर इस मेले को राजनीतिक संदेश की एक तरफ कर दें तो यहां प्रशासनिक अंदाज में खोड़ा नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने बेहद शानदारी तरीके से तीन दिवसीय मेला आयोजित कराया। ये अपने आप में बड़ी बात है सरकार की उपलब्धियों को उन्होंने खोड़ा की जनता के बीच लगातार तीन दिन तक बताया। सरकार की उपलब्धियों का सरकार के कार्यों का एक सकारात्मक संदेश जनता के बीच दिया। उन्होंने सरकार द्वारा जनहित में किये एक-एक काम को सूचिबद्ध कर मेले में प्रदर्शित किया। बहुत सुंदर प्रस्तुतिकरण के साथ अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार अपने नेतृत्व में ये बताने में सफल रहे कि सरकार ने 8 साल में नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिये क्या काम किये हैं। सरकार के कामों से आम जनता को किस तरह से लाभ हुआ है। क्षेत्र में किस तरह से विकास के विजन ने काम किया है और तीन दिन का ये मेला वास्तव में एक मिसाल बना है। खोड़ा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने अपनी देखरेख में शानदार तरीके से तीन दिन के इस मेले का आयोजन कराया। अन्य नगर पालिका परिषद के लिये भी ये मेला एक मिसाल बना कि किस तरह से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच बताया जाता है। किस तरह से सरकार का सकारात्मक संदेश जनता के बीच जाता है और शासन की उपलब्धियों को किस तरह से जनता के बीच लाया जाता है।

# सीओ अनुज चौधरी के पक्ष में आये राजा वर्मा

## कहा - ऐसे अधिकारी और भी आएं तो स्थापित होगा राम राज्य



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और रामपुर जिले के प्रभारी राजा वर्मा ने संभल को लेकर जहां खुलकर सीओ अनुज चौधरी का समर्थन किया वहीं उन्होंने इस मामले में बिना नाम लिये भारतीय किसान यूनयिन के नेताओं को निशाने पर लिया। राजा वर्मा इतने पर ही खामोश नहीं रहे और उन्होंने पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी को सत्ता में आने पर जेल भेजने वाली बात को लेकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव को भी चुनौती दी। राजा वर्मा ने कहा कि मैं रामपुर का प्रभारी होने से पहले संभल जिले का ही प्रभारी था। उन्होंने यहां मंदिर मामला उठाया और कहा कि यहां पर हमारे भगवान का प्राचीन मंदिर है। कोर्ट के आदेश पर वहां कमेटी निरीक्षण करने के लिये गई थी। वहां जो कुछ हुआ वो आप सभी लोगों ने देखा है।

इसके बाद राजा वर्मा अनुज चौधरी के मुद्दे पर आए। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी जिनका नाम अनुज चौधरी है उनके बारे में भ्रम फैलाया गया। बहुत कुछ कहा गया। राजा वर्मा ने कहा कि उनकी कही गई कुछ लाइनें हैं जिन्हें मैं दोहरा रहा हूं, फिर मैं विषय पर आऊंगा। उन्होंने कहा कि अनुज चौधरी ने ये कहा था कि हम पढ़े-लिखे लोग फौज में भर्ती होते हैं। फौज में भर्ती इसलिए नहीं होते कि जाहिलों के हाथों हम मारे जाएं। राजा वर्मा ने इसके बाद कहा कि आप इस शब्द में देखिए कि कितनी गहराई छिपी हुई है।

बहुत बड़ी गहराई छिपी हुई है इस शब्द के अंदर। फिर उन्होंने एक शब्द और कहा कि कोई एक व्यक्ति पुलिस फोर्स का मारा जाता है तो उसका परिवार तबाह हो जाता है। राजा वर्मा ने कहा कि ये उन्होंने कोई गलत नहीं कहा। क्योंकि यह सब हमारे अपने लोग हैं। सीओ अनुज वर्मा ने कहा कि परिवार तबाह हो जाता है, इसमें उन्होंने एक शब्द गलत नहीं कहा। इसके बाद राजा वर्मा ने कहा कि प्रश्न ये उठता है कि जब अनुज चौधरी ने कहा तो अनुज चौधरी वो व्यक्ति हैं जो देश की शान हैं। जिन्होंने देश को सम्मान दिलाने का काम किया है। वो अर्जुन अवॉर्डी हैं। वो उत्तर प्रदेश की शान हैं। इसके बाद राजा वर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति विशेष रूप से मुजफ्फरनगर जिले के कुछ बड़े किसान नेता कहलाते हैं। ये बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि इन बड़े-बड़े किसान नेताओं ने एक शब्द भी अनुज चौधरी के पक्ष में नहीं बोला। ये बड़े-बड़े आंदोलनजीवी हैं।



उन्होंने तो आंदोलन को भी जाट आंदोलन का नाम दे दिया। राजा वर्मा ने कहा कि मैं भी जाट हूं इसलिए मैं इस बात को कह रहा हूं कि समाजवादी पार्टी के रामगोपाल जी ने एक वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने अनजु चौधरी के लिये कहा कि जब हम आएंगे तो ऐसे लोगों को जेल में डालेंगे। राजा वर्मा ने कहा कि मैं सीधे शब्दों में सपा नेता रामगोपाल यादव को एक बात कहना चाहता हूं कि आप जितना प्रयास करना चाहे कर लें लेकिन पुलिसफोर्स का मनोबल कम नहीं होगा। पुलिसफोर्स जितने मनोबल के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में काम कर रही है आज से पहले उन्हें इतना फ्री हैंड कभी नहीं मिला। उन्होंने रामगोपाल यादव को संबोधित करते हुए कहा कि आपके समय में तो गुंडे-माफिया राज करते थे।

आज यूपी में भयमुक्त समाज है। यह भाजपा सरकार की देन है। इसके बाद राजा वर्मा ने कहा कि मैं मुजफ्फरनगर के आंदोलनजीवियों से भी पूछना चाहता हूं कि जब रामगोपाल यादव ने यूपी की शान अर्जुन अवॉर्डी को इस प्रकार के शब्दों से संबोधित किया तब यह लोग कहां थे। कल किसी झूठी बात को लेकर यही लोग उस बात को आंदोलन का रूप देंगे। अगर आंदोलन का रूप देना है तो सपा नेता रामगोपाल यादव के घर का घेराव करें। उनसे पूछें कि आपने देश की और यूपी की शान अर्जुन अवॉर्डी को कैसे ये शब्द कहे। राजा वर्मा ने इसके बाद कहा कि अनुज चौधरी जैसे भाई अगर और आ जाएं तो यहां केवल सुशासन ही नहीं बल्कि रामराज्य की स्थापना होने में देर नहीं लगेगी।

### गुंजिया बनाम सेवईयां को लेकर राजा वर्मा ने रखी बात

(करंट क्राइम)। जब पत्रकारों ने उनसे गुंजिया बनाम सेवईयां की बात की तो राजा वर्मा ने कहा कि गुंजिया हमारी संस्कृति का अंग है और यह पूछे जाने पर कि आप गुंजिया खाएंगे या सेवईयां खाएंगे के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि वो गुंजिया खाएंगे तो हम भी सेवईयां खाएंगे। इसके बाद जब 2027 के चुनाव की बात हुई और संभल को बेस बनाने की बात हुई तो राजा वर्मा ने कहा कि 2027 में चुनाव पूरे उत्तर प्रदेश का होगा, केवल संभल का नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने कहा कि रही बात बेस की तो केवल संभल बेस नहीं होगा। रामपुर भी बेस होगा, लखनऊ भी बेस होगा और गाजियाबाद भी बेस होगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विश्वास इस चुनाव का बेस होगा। भाजपा की सरकार में पूरे प्रदेश में खुशहाली छाई है, सबको रोजगार मिला है और भाजपा इसी बेस पर चुनाव लड़ेगी।

# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार किरणपाल राणा, पत्रकार जगत में शोक की लहर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ पत्रकार किरणपाल राणा का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। किरणपाल राणा लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार समाज में शोक की लहर दौड़ गई। किरणपाल राणा बेहद मृदुल स्वभाव के पत्रकार थे। वह हमेशा निडर और निष्पक्ष होकर खबरें लिखते थे। सबसे बड़ी बात ये थी कि वह खबरों में निष्पक्ष रहते थे और उनका व्यवहार सभी से विनम्र और मेलजोल वाला रहता था। वरिष्ठ पत्रकार किरणपाल राणा ने एक लंबे समय तक दैनिक हिन्द समाचार पत्र में अपनी सेवाएं दीं। उसके बाद वह दैनिक युग करवट समाचार पत्र से भी जुड़े रहे। वर्तमान में वह नवभारत टाइम्स में कार्यरत थे। किरणपाल राणा के निधन पर पत्रकार जगत से लेकर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने शोक व्यक्त किया। किरणपाल राणा ने गाजियाबाद की पत्रकारिता में अपना एक अहम योगदान दिया। उनके व्यक्तित्व को और पत्रकार जगत में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। दैनिक करंट क्राइम परिवार पत्रकारिता जगत के जाने-माने स्तंभ और पुराने साथी किरणपाल राणा के निधन पर शोक व्यक्त करता है और परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणो में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।



# सौरभ हत्याकांड में बड़ा अपडेट: 'मुस्कान के परिवार की भूमिका संदिग्ध'

## 'सोशल मीडिया पर बनाई जा रही रील पर भी रोक लगे' : महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा





## मां से मिलने की जिद कर रही मासूम पीहू

**मेरठ।** मेरठ के ब्रह्मपुरी स्थित आवास पर बुधवार को सौरभ की शोकसभा हुई। नम आंखों से लोगों ने सौरभ को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया। भाई बबलू की आंखों से आंसू छलक पड़े। उनकी मां रेणू बेसुध हो गईं। उनको पानी पिलाया गया। बीपी चेक किया गया। परिजनों ने कहा कि मुस्कान के परिजनों की भी भूमिका संदिग्ध है। उनको भी जांच के दायरे में लाना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा, सौरभ के हत्यारोपियों को जल्द सजा दिलाएंगे। इसके लिए उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से भी वार्ता की है।

**'भतीजी पीहू को वह अपने घर लाना चाहते हैं' :** सौरभ को याद करके भाई बबलू बुरी तरह रोता रहा। रोते हुए बबलू ने कहा, भतीजी पीहू को वह अपने घर लाना चाहते हैं, वह नहीं चाहते कि जिस तरह परवरिश मुस्कान की हुई है, उस तरह पीहू की परवरिश न हो। मां रेणू सिंह को बेसुध होने पर किसी तरह परिवार ने संभाला।

शोक सभा में मौजूद रिश्तेदार, दोस्त सौरभ की याद में भावुक थे। बुआ की लड़की ने कहा- सौरभ बचपन से ही बड़े चंचल स्वभाव का था। ऐसा हो जाएगा पता नहीं था।

भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलदत्त शर्मा ने कहा, केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर जल्द सजा दिलाकर सौरभ और परिजनों को न्याय दिलाएंगे। चार्जशीट के संबंध में पुलिस-प्रशासन से लगातार अपडेट ली जा रही है। वकील मुहैया कराने पर भी पार्टी सहयोग करेगी।

मेरठ व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी शोकसभा में शामिल हुए। महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा ने पीड़ित परिवार को शोक पत्र सौंपकर हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर रील बनाई जा रही हैं, इस पर भी रोक लगनी चाहिए।

मुस्कान की छह साल की बेटी पीहू मम्मी, पापा को याद करके रोती रहती है। मुस्कान के परिजन बच्ची को मोबाइल देकर चुप कराते हैं। पीहू अपनी मां से मिलने की जिद करती है।

**पुलिस को प्रॉपर्टी और बैंक के दस्तावेज दिए :** वारदात के खुलासे के बाद से मुस्कान के माता-पिता घर से नहीं निकल रहे हैं। प्रमोद रस्तोगी की दुकान भी आठ दिनों से बंद पड़ी है। मुस्कान की मां कविता रस्तोगी ने कहा हम पुलिस जांच में सहयोग कर रहे हैं। हमने पुलिस को अपनी प्रोपर्टी, बैंक पासबुक समेत सभी जरूरी कागजात दिए हैं।

**फोरेंसिक टीम ने खून के नमूने लिए :** सौरभ की हत्या करने के बाद पत्नी मुस्कान और प्रेमी साहिल सलाखों के पीछे हैं। मंगलवार को एएसपी ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन, ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और फोरेंसिक की टीम सौरभ के किराए के मकान में पहुंचे। टीम ने मौके से खून के नमूने और फिंगर प्रिंट लिए। टीम ने बेडरूम और बाथरूम का भी नक्शा तैयार किया गया है। टीम ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी की। दो घंटे साक्ष्य जुटाने के बाद टीम वापस लौटी।

ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ की हत्या पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ कर दी थी। आरोपियों ने सौरभ की गर्दन काट दी थी। साहिल गर्दन अपने घर लेकर गया था। जिसके बाद दोनों शिमला, कसोल और मनाली घूमने गए थे।

## जेल जाने के बाद पूरी तरह बदल गया आरोपी साहिल का लुक, नानी भी मिलने पहुंची जेल





**मेरठ।** सौरभ हत्याकांड में पुलिस की टीम सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। आज जहां ब्रहम्पुरी में सौरभ की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस हत्याकांड के दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया लेकिन वारदात के अभी कई राज खुलने बाकी हैं। मुस्कान और साहिल ने सौरभ की हत्या आखिर क्यों की? क्या मुस्कान और साहिल ने शादी कर ली थी? क्या तंत्र मंत्र और अंधविश्वास के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया या फिर सौरभ को रास्ते से हटाना कातिलों का मकसद था? ये ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब पुलिस अभी तलाश रही है। वहीं जेल जाते ही आरोपी साहिल को वायरल तस्वीरों के सामने पहचानना भी मुश्किल हो रहा है।

बुधवार को आरोपी साहिल की नानी पुष्पा देवी उससे मिलने के लिए जेल पहुंची। जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिनका बेटा गया, उस बच्चे के लिए तो मुझे दुख है, लेकिन मिलने तो आना ही पड़ता है।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामले तो और भी होते हैं लेकिन इसे ज्यादा बड़ा बना दिया गया। कहा कि पहले थाने तक ही मामले रफा दफा हो जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

नानी ने साहिल को लेकर कहा कि नशा तो वह करता ही था लेकिन प्यार का नशा उसे ले डूबा, जब दो नशे मिल गए तो वारदात हुई है। अभी कुछ नहीं पता कि आगे क्या होगा। बताया कि वह साहिल के लिए कपड़े और नमकीन लेकर आई हैं। कहा कि साहिल से मिलने का मन कर रहा था, इसलिए जेल में मिलने आई हूं।

## दिल्ली में ईद से पहले विवाद

## हम नमाज के खिलाफ नहीं, बंद हों मीट की दुकानें : मोहन सिंह बिष्ट



### सड़क पर नमाज रोकने के लिए पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक नमाज को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। कई जगहों पर निर्देश जारी हो चुके हैं तो वहीं कई जगहों पर बयानबाजी शुरू हो चुकी है। राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस कमिश्नर को बीजेपी विधायक करनैल सिंह ने सड़कों पर नमाज न होने को लेकर पत्र लिखा। जिसके बाद बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि हम नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन उन्हें सड़क पर नमाज पढ़कर लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए।

### मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए: रविंदर सिंह नेगी

वहीं दूसरी तरफ भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी ने इस बयान पर कहा कि नवरात्रि के दौरान दिल्ली में मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं नवरात्रि के दौरान मीट, अंडे, मछली या शराब की बिक्री के खिलाफ हूं। नवरात्रि के दौरान भाईचारे के प्रतीक के तौर पर मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए।

### भाजपा के बयान पर संजय सिंह का तंज

भाजपा विधायकों और नेताओं के बयानों को लेकर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि यहां कई देशों के दूतावास हैं। वहां मीट और मछली पकाई जाती है। दिल्ली में कई देशों के गेस्ट हाउस हैं, वहां भी मीट पकाया जाता है। केएफसी की दुकानें और भाजपा नेताओं के रेस्टोरेंट खुले हैं। हिम्मत है तो उन्हें बंद करके देखें। नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानें क्यों खुली हैं? नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानें बंद रखें।

रमजान के अंतिम जुमे की नमाज को लेकर शकूर बस्ती से भाजपा विधायक करनैल सिंह ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखा था। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा करने से यातायात बाधित होने का हवाला देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने पत्र में कहा कि हम सभी को अपने-अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित न हो। इससे आम नागरिकों, एंबुलेंस और स्कूल बसों को परेशानी होती है।

## संभल: जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली की बेल पर सुनवाई टली, मिली 2 अप्रैल की तारीख

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में नवंबर 2024 में हुई हिंसा में शाही जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जफर अली को गिरफ्तार किया गया है। जफर अली ने अदालत में जमानत की याचिका दाखिल की थी, लेकिन सुनवाई टल गई। अब उनकी बेल पर अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी।

बता दें कि संभल में बीते साल 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे के दौरा बवाल हो गया था। इस हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अधिकारियों के साथ, पुलिसकर्मी और आम लोग घायल हो गए थे। भीड़ ने इस दौरान कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। मामले की जांच के बाद पुलिस अब तक 79 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस ने बीते दिनों शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली को पूछताछ के लिए बुलाया था, इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जेल में बंद जफर अली के जमानत पत्र पर आज गुरुवार (27 मार्च) को कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले जिला कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता ने दावा किया कि सदर जफर अली के खिलाफ गंभीर आरोप हैं।



**जफर अली के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य :** शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट में साक्ष्य के आधार पर शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली के जमानत याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदर जफर अली के खिलाफ 24/11 की हिंसा में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। दूसरी तरफ जफर अली के वकील उनके बेकुसूर होने के दावा करते हुए कोर्ट से जमानत देने का अनुरोध करेंगे।

**जफर अली के भाई ने लगाए गंभीर आरोप :** इससे पहले मुरादाबाद जेल में बंद जफर अली के परिजनों ने जेल प्रशासन से उनसे कारागार में मुलाकात न करने देने के आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं परिजनों ने जफर अली की जान को खतरा बताया था। जफर अली के भाई मोहम्मद ताहिर अली ने कल बताया था कि परिजनों को जेल में उनसे मुलाकात नहीं करने दिया जा रहा है।

मोहम्मद ताहिर अली ने कहा, जेल में जफर की जान को खतरा है। उनकी उम्र 70 साल है और उन्हें दवा भी उपलब्ध नहीं कराने दिया जा रहा है। पुलिस बदतमीजी के साथ पेश आ रही है।

ताहिर ने कहा कि संभल हिंसा मामले की जांच में जफर अली ने हर वक्त प्रशासन की भरपूर मदद की और उसी का इनाम जफर को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि न्यायालय से न्याय मिलेगा। मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

## कठुआ में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 5 आतंकियों को ढेर किया



**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में सुबह सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को देखा। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। आतंकी को भागने से रोकने के लिए पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि ये आतंकवादी उसी ग्रुप के हैं, जो रविवार की शाम को हीरानगर सेक्टर में हुई मुठभेड़ के बाद भाग गए थे। इसके बाद से ही आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चलाया गया। बता दें कि कठुआ में पिछले चार दिनों से आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 5 आतंकियों को ढेर किया। आतंकवादियों के खिलाफ अभियान और उनका पता लगाने के लिए यूएवी की मदद भी जा रही है।

कठुआ के हीरानगर सेक्टर में 23 मार्च की शाम को पहली बार आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई थी। गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ सुबह राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में हुई। जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को देखा तो गोलीबारी शुरू हो गई।

## भुवनेश्वर : कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गुरुवार (27 मार्च) को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया. महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर जांच कमेटी बनाने की मांग और कांग्रेस विधायकों के सदन से निलंबित किए जाने को लेकर हो रहा यह विरोध प्रदर्शन अचानक झड़प में बदल गया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प देखी गई।

इस झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। इनमें नजर आ रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता एक के बाद एक रोड पर पड़ी कुर्सियों को उठा उठाकर पुलिसवालों पर फेंक रहे हैं। कांग्रेस कार्यकताओं को आक्रामक देखकर पुलिस पीछे हटते हुए नजर आती है। इसके बाद पुलिस लाठीचार्ज का फैसला लेती है और कार्यकताओं को खदेड़ना शुरू करती है।

इससे पहले कांग्रेस कार्यकताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस वाटर कैनन का उपयोग करते भी दिखाई दी। थोड़ी-थोड़ी देर में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ रहा है। इसमें कुछ कांग्रेस कार्यकताओं के घायल होने की भी सूचना है। बहरहाल, कांग्रेस ने ओडिशा विधानसभा को घेर रखा है। बड़ी संख्या में पुलिस बल भी यहां तैनात है। ओडिशा विधानसभा एक किले की तरह नजर आ रही है।



**क्या है पूरा मामला? :** ओडिशा विधानसभा में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ था। कांग्रेस के विधायक इखढ सरकार के आठ महीनों के दौरान महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग कर रहे थे। बात न सुनी जाने पर विधायकों ने विरोध और तेज कर दिया। वे सदन में घंटी बजाने लगे, 'राम धुन' गाना शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायक सीटी, बांसुरी और झांझ बजाकर सदन की कार्यवाही में बाधा डालते नजर आए। ऐसे में स्पीकर सुरमा पाढ़ी ने 12 कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया।

निलंबित हुए सभी 12 विधायकों ने मंगलवार की पूरी रात विधानसभा में ही काटी। वहीं, विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। बुधवार के दिन यह मामला और गरम हुआ। निलंबित कांग्रेस सांसदों को बल प्रयोग कर विधानसभा से बाहर किया गया। इस दौरान विधानसभा के अंदर से दो और कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया गया।

ऐसे में कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का ऐलान कर दिया। गुरुवार के दिन और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ओडिशा विधानसभा घेरने पहुंचे। फिलहाल यह प्रदर्शन थमता नजर नहीं आ रहा है।

## लखनऊ में फूड पॉइजनिंग के कारण 4 बच्चों की मौत

### 20 बच्चे गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के पारा इलाके एक सरकारी पुनर्वास केंद्र में कथित तौर पर फूड पॉयजनिंग के कारण 4 बच्चों की मौत हो गई और 20 अन्य बीमार हो गए। मंगलवार शाम को, केंद्र में रहने वाले लगभग 20 स्पेशल नीड्स वाले बच्चे अचानक बीमार होने लगे तो उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को ये जानकारी दी है।

लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित ने गुरुवार को एजेंसी को बताया, 'मंगलवार शाम को पुनर्वास केंद्र से लगभग 20 बच्चों को अस्पताल लाया गया। ये सभी बच्चे मानसिक रूप से विकलांग हैं।बच्चे जब पहुंचे तो वे गंभीर रूप से डीहाइड्रेटेड थे।'

घटना के बाद स्थानीय अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। लखनऊ के जिला मजिस्ट्रेट ने कथित फूड पॉयजनिंग के कारण का पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया है। जांच के लिए पुनर्वास केंद्र से खाने के सैंपल जुटाए गए हैं।

## दिल्ली में 40 डिग्री का टॉर्चर: भीषण गर्मी की चपेट में राजधानी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

### 14 साल बाद सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा 26 मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मार्च के महीने में ही गर्मी का टॉर्चर दिखने लगा है। तीन दिन से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी अभी से लोगों के पसीने छुड़ा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में बीते 26 मार्च को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सल्सियस तक पहुंच गया।

साल 2011 के बाद बुधवार सबसे गर्म दिन रहा था। इस सीजन का भी सबसे अधिकतम तापमान दर्ज किया। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, यह महीना समाप्त होने में चार दिन बचे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना कम है। इस कारण यह महीना वर्ष 2022 की तरह शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश नहीं होने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अप्रैल में तापमान और अधिक होने की संभावना है।



**रिज इलाके में रहा सबसे ज्यादा तापमान :** इधर, बुधवार को आसमान साफ रहा। इस दौरान सूरज की तपिश ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। सुबह से ही तेज धूप निकल गई थी, जहां सुबह व शाम को लोगों को ठंड का अहसास होता था। अब यह बिल्कुल हल्का हो गया है। रिज इलाका 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि आया नगर में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, लोदी रोड में 38.7 व पालम में 38.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। उधर, लोदी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्रों के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पालम में 20 व आया नगर में 17.4 डिग्री दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ इस समय सक्रिय है, लेकिन इसका असर दिल्ली में देखने को नहीं मिलेगा। हवा की गति धीमी होगी और धूप के बढ़ने से तापमान में इजाफा होगा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि बृहस्पतिवार को आसमान साफ रहेगा। इस दौरान 10-20 किमी प्रतिघंटे की गति से सतही हवा चलेगी। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर बैठना प्रतिबंधित, लगेगा जुर्माना




### भगदड़ की घटना को देखते हुए लिया गया फैसला

**नई दिल्ली।** राजधानी में रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर बैठने पर अब जुमार्ना लगेगा। बीते माह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना को देखते हुए अब जगह-जगह बोर्ड लगाया गया है। उसमें सीढ़ियों पर बैठने को लेकर मना किया गया है। कहा गया है कि यदि कोई यात्री सीढ़ियों पर बैठा पाया जाता है उस पर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि 15 फरवरी को हुई भगदड़ घटना में 18 लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के संबंध में पता चला था कि प्लेटफॉर्म संख्या 14-15 पर यात्रियों की अधिक भीड़ हो गई थी। साथ ही सीढ़ियों पर भी भारी संख्या में यात्री एकत्र हो गए थे। यह भी कहा जा रहा है कि सीढ़ियों पर ही यात्रियों के पैर फिसलने के बाद भगदड़ की घटना हुई है। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने यात्री सुरक्षा कई कदम उठाए है। वहीं दूसरी ओर प्लेटफार्म नंबर 16 पर जाने के लिए जाने वाली सीढ़ियों को बैरिकेटिंग लगाकर बंद कर दिया है।





**कैबिनेट मंत्री ने प्रेसवार्ता कर गिनवाई प्रदेश और जनपद की उपलब्धियां**

### गाजियाबाद और प्रदेश के विकास कार्यों पर विधायकों ने विस्तार से दी जानकारी

# निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है उत्तर प्रदेश

## अर्थव्यवस्था हो रही है मजबूत : सुनील शर्मा

**कहा, भयमुक्त वातावरण के साथ मिल रही है बेहतर कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य और रोजगार सुविधा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर उनके विधायक मंत्री सरकार द्वारा कराए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को साहिबाबाद से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग सुनील शर्मा द्वारा अपने कार्यालय पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति में 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब तेजी से विकास के पद पर अग्रसर हो चुका है। आज निवेशकों की उत्तर प्रदेश पहली पसंद बन चुका है। जिस उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था कभी कमजोर होती थी, अब वह अर्थव्यवस्था के लिहाज से प्रमुख प्रदेश बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होने के साथ ही यहां बिजली व्यवस्था बेहतर हुई है। भयमुक्त वातावरण के साथ बेहतर कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्र में भी नए पंख लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज बनने का कार्य चल रहा है। तो वहीं किसी भी वर्ग को बिना भेदभावपूर्ण प्रदर्शित के साथ रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। वहीं गाजियाबाद के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने तमाम योजनाओं को भी गिनवाने का काम किया।

### गाजियाबाद में इन योजनाओं पर किया गया 8 वर्ष में काम

**करंट क्राइम :** साहिबाबाद से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खोड़ा से लेकर उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन के साथ ही हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान, कैलाश मानसरोवर, नए थानों की शुरूआत और कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी।





इसके साथ ही उन्होंने खोड़ा में 2 कम्पोजिट स्कूल, खोड़ा में 50 बेड का हॉस्पिटल , पूर्वांचल एवं उत्तरांचल भवन का निर्माण, देश की पहली रैपिड रेल का संचानलन शुरू , हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू, कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण, जूनियर हाई स्कूल कड़कड़ मॉडल में 10 वी तक के बच्चे शिक्षा लेंगे, नंदग्राम में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, प्राइमरी स्कूल में बच्चों के लिए फर्नीचर प्रदान, कौशांबी, नन्दग्राम, टीला मोड, शालीमार गार्डन नाम से नए थानों की शुरूवात की का जिक्र किया है। साथ ही साहिबाबाद, अर्थला, हिंडन नदी पर अंडरपास, वसुंधरा चौराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण, हिंडन पुल का निर्माण, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन कार्यालय राजनगर एक्सटेंशन का शुभारंभ को बताया है।

### महाकुंभ का आयोजन सबसे महत्वपूर्ण

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा है कि सरकार द्वारा आईटी क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। तो वहीं ओडीओपी के तहत स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां प्रदेश में सुशासन एवं सुरक्षा का बेहद शानदार उदाहरण प्रयागराज महाकुंभ मेले की सफलता है। तो वहीं मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश सबसे ज्यादा हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाने वाला प्रदेश बन रहा है। सुनील शर्मा ने कहा कि प्रदेश में चल रही चीनी मिलों को भी बेहतर ढंग से चलने का काम हो रहा है। तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर संपर्क मार्गो से भी जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर पत्रकार वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी सरकार के सुरक्षा, सुशासन और विकास कार्यों पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सरकार जो कहती है वह जनता को करके दिखाती है, उसे पूरा करती है। महिलाओं की सुरक्षा का मामला हो या जीरो टॉलरेंस की नीति, गरीबों के हित की बात हो या किसानों का भविष्य बदलने का विषय सभी पर सरकार पूरी तरह पारदर्शिता से ध्यान दे रही है।

**प्रदेश में सुशासन एवं सुरक्षा का बेहद शानदार उदाहरण प्रयागराज महाकुंभ मेले की सफलता है। मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश सबसे ज्यादा हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाने वाला प्रदेश बन रहा है।**

# बीते 8 साल में गाजियाबाद में हुए हैं करोड़ों रुपए के विकास कार्य डबल इंजन की सरकार कर रही है विकास : विधायक संजीव शर्मा

### सौ बेड के अस्पताल से लेकर दूधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर का निर्माण शुरू

### महामाया स्टेडियम का सुधार से लेकर क्रॉसिंग नाले पर और भी हुए हैं अन्य काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को शहर विधायक संजीव शर्मा ने बीते 8 साल में गाजियाबाद में हुए विकास कार्यों से लेकर प्रदेश में सरकार द्वारा लाई गई कल्याणकारी योजनाओं और कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा है कि बीते 8 साल में गाजियाबाद में कई 100 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं। तो वहीं लोगों को डूड़ाहेडा में 50 बेड का अस्पताल मिला है जबकि गाजियाबाद के जिला अस्पताल में 100 बेड का महिला वार्ड भी तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रताप विहार सेक्टर-11 में ईडब्ल्यूएस मकानों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। तो वहीं उन्होंने कहा कि सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अब दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है। इसके साथ ही महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प किया जा रहा है। वहीं क्रॉसिंग रिपब्लिक में लगभग 135 करोड़ रुपए से नलो को पाटकर आने-जाने के लिए सुगम रास्ता तैयार होना है। वहीं पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए कई स्थानों पर कार पार्किंग बनाई गई हैं। पेयजल व्यवस्था में सुधार लाने के लिए करोड़ों रुपए की योजना गाजियाबाद को मिली है। तो वहीं पीएम सम्मान योजना के साथ ही गन्ना किसानों को भी लाभ प्रदान करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना भी एक वर्ग के लिए बेहतर साबित हो रही है। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था और सुरक्षा में सुधार की बात की। तो संगठित अपराधों में कमी और माफिया राज का अंत के साथ ही महिला सुरक्षा के अभियान मिशन शक्ति की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यूपी के अपराध में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है।





### गरीबों को मिल रहा है लाभ

करंट क्राइम : सदर विधायक संजीव शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की। तो उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की मुख्यमंत्री कन्या मंगला योजना में बेटियों को वित्तीय सहायता की जानकारी दी। तो वहीं युवाओं के लिए मुफ्त टैबलेट और स्मार्ट फोन का जिक्र किया। 4 लाख से अधिक सरकारी नौकरी दिए जाने की भी उन्होंने जानकारी दी है। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरीके से उत्तर प्रदेश में पर्यटन पर बढ़ावा मिल रहा है। तो यूपी में 59 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में 10 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त इलाज हो रहा है, तो वहीं कोविड प्रबंधन में उत्तर प्रदेश मॉडल की सराहना होना अलग बात है।

### सेवा, सुरक्षा और सुशासन का दिख रहा है असर

करंट क्राइम : सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि बीते 8 सालों में उत्तर प्रदेश में सेवा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन का असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में जहां एलिवेटेड रोड अलग पहचान बन चुकी है। तो वहीं रैपिड ट्रेन और प्रधानमंत्री द्वारा गाजियाबाद में शुरू किए गए हिंडन एयरपोर्ट में भी अब काफी सुधार हो रहा है। यहां से कई शहरों के लिए हवाई सफर मिलना शुरू हो गया है। तो देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन रैपिड दिल्ली से मेरठ तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि क्रॉसिंग और शहर के लोगों के लिए जाम एक बड़ी समस्या है, इसके लिए 135 करोड़ रुपए खर्च कर नाले का निर्माण कराया जा रहा है ताकि चौड़ी रोड हो और लोगों को आने–जाने में परेशानी ना हो।

### किसानों और कृषि का हो रहा है कल्याण

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार बीते 8 सालों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग किसानों को 63000 करोड रुपए दे चुकी है। तो वहीं गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 8 सालों में गन्ने के मूल की वृद्धि भी हुई है। तो नए सिंचाई प्रोजेक्ट और मंदिरों को भी आधुनिक बनाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में गाजियाबाद को मिलने वाली कई सौगात का भी शहर विधायक संजीव शर्मा ने जिक्र किया। प्रेसवार्ता में इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मीडिया संयोजक एवं पार्षद अमित त्यागी, कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी, अमित रंजन, गुंजन शर्मा, संदीप त्यागी, धर्मेंद्र चौधरी, महिम गुप्ता, जय कमल अग्रवाल, करण शर्मा, उमेश भाटी, राम त्यागी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकास के 8 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गिनाई लोनी की उपलब्धियां

# पेयजल आपूर्ति, जलनिकासी, सीवरेज सिस्टम और बांध सुरक्षा पर पहली बार हुआ काम : नंदकिशोर गुर्जर



### लोनी में हुई शिक्षा क्रांति, विदेशों से मिली शाबाशी : नंदकिशोर गुर्जर

**लोनी, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर लोनी विधानसभा के विकासखंड कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास पर विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सड़क, सीवर, सुरक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा में आये बदलाव पर प्रेसवार्ता में बात रखी।

भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल रहे हैं। लोनी की बदलती तस्वीर को हम सभी ने देखा है। लोनी आज विकास के क्रम में तेजी से बढ़ रहा है जिसके लिए विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे होने के कारण लोनी का चहुंमुखी विकास संभव हो रहा है। देश की पहली हाईस्पीड रेपिड रेल गाजियाबाद में चल रही है। पूरे प्रदेश में 25 हजार से अधिक निवेशकों ने योगी सरकार के नेतृत्व में उद्योग लगाने के लिए 45 लाख करोड़ का एमओयू साइन किया है। आज प्रदेश में व्यापार, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत एवं कानून व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त हुई है।

### सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था हुई मजबूत, देश की पहली नगरपालिका लोनी पहुंची मेट्रो

### निराश्रय गौवंशों को मिला आश्रय, चिकित्सा एवं सुरक्षा की हुई पूरी व्यवस्था

विधायक ने कहा कि खेत-किसान, महिला, युवा-छात्र, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य ढांचे और कानून व्यवस्था में सुधार, सड़कों का जाल, संपूर्ण ऊर्जीकरण/विद्युतीकरण व शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ। पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम आदि में अवस्थापना सुविधाओं की मजबूती के साथ ही हर वर्ग के विकास को समाविष्ट किया गया है। लोनी सुंदर, स्वच्छ, सुरक्षित व सर्वांगीण विकासयुक्त शहर के रूप में आदर्श विधानसभा बने इसके लिए भाजपा सदैव कृत संकल्पित है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने भी लोनी क्षेत्र की उपलब्धियों को गिनवाने का काम किया।

# अखिलेश यादव के सुगंध और दुर्गंध वाले बयान पर यूपी में मचा बवाल

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा गाय हमारे लिए पूजनीय

### विधायक संजीव शर्मा बोले यह बयान 100 करोड़ सनातनियों का अपमान

### - भाजपा विधायकों ने गाय को बताया मां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बयान दिया है कि भाजपा को दुर्गंध पसंद है, इसीलिए वह गौशाला खुलवा रही है और सपा को सुगंध पसंद थी इसीलिए परफ्यूम पार्क बनाए गए हैं।

इस बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता और मंत्री व विधायक आक्रामक हो गए हैं। इस मामले पर साहिबाबाद से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा है कि अखिलेश यादव के बयान कि वह निंदा करते हैं। उन्होंने कहा भाजपा गाय को अपनी मां मानती है, अखिलेश को गाय से दुर्गंध आती है। गाय हमारे लिए पूजनीय है, गाय का गोबर, गाय का मूत्र और गाय का दूध से लेकर गाय का हर पदार्थ वैज्ञानिक दृष्टि से और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। गाय के मूत्र के औषधीय गुण भी हैं। तो वहीं गोबर हर जगह पूजनीय है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा है कि अखिलेश यादव लगातार हिंदू आस्था पर सवाल उठाते हैं और उनके बयान बताते हैं कि वह सनातन धर्म से भी नाराज रहते हैं। इसीलिए इस तरीके की बयानबाजी करते हैं।







तो वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि गौशाला से दुर्गंध सोचने वाली बात है। जिस देश में गाय को मां का दर्जा दिया जाता हो, उनका स्थान सबसे ऊपर हो, तो यह 100 करोड़ सनातनियों का अपमान भी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव खुद यदुवंशी समाज से आते हैं और वह गौशाला से दुर्गंध और परफ्यूम पार्क से सुगंध की बात करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा गाय के गोबर को पूजनीय माना जाता है। तो वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि गाय को सनातन धर्म में देवी मां का दर्जा दिया जाता है, यह सरासर अपमान है। ऐसी भाषा नहीं बोली जानी चाहिए।

# गाजियाबाद में निकला अजगर

## वन विभाग ने नदी के किनारे से किया रेस्क्यू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के करहेड़ा घाट के पास नदी में अजगर दिखाई दिया है। इस दौरान लोगों ने सूचना वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद गाजियाबाद वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को पकड़ा।

गाजियाबाद के करहेड़ा शमशान घाट के पास नदी के किनारे दूसरी बार 7 फुट का अजगर दिखाई दिया है। इससे पहले जुलाई 2024 में भी यहां अजगर सांप दिखा था। अजगर देखने को लेकर लोगों की भीड़ जुट गई। वन विभाग की टीम ने बताया कि अजगर की लंबाई 7 से 8 फीट के बीच है। जिसकी मोटाई 15 सेमी के आसपास है। अजगर दिखाई देने की सूचना गाजियाबाद वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर 7 फीट के अजगर को पकड़ा। जिसका वजन 27 किलो निकला। अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। गाजियाबाद वन विभाग ने सूचना मिलने के बाद अपनी समस्त टीम के साथ 7 फीट के अजगर को रेस्क्यू कर पकड़ा है जिसे गाजियाबाद डासना के जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। वन दरोगा रामवीर सिंह ने बताया कि इसे जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाएगा।



## संपादकीय


# प्रदूषण नियंत्रण

भारत में वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण की गंभीर स्थिति लगातार पिछले कई वर्षों से वैश्विक सुर्खियों में रही है। इस कटु सत्य के बीच एक संसदीय समिति की रिपोर्ट ने चिंता और बढ़ा दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यावरण मंत्रालय ने वर्ष 2024-25 के लिए प्रदूषण नियंत्रण कोष के लिए आवंटित कुल 858 करोड़ रुपये का 1 प्रतिशत से भी कम हिस्सा खर्च किया है। यह चिंताजनक बात है। भारत के शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है ऐसे में समिति की यह रिपोर्ट चौंका देने वाली है कि प्रदूषण नियंत्रण योजना के लिए आवंटित रकम का काफी कम इस्तेमाल हो पाया है। पर्यावरण मंत्रालय को आवंटित कुल रकम में इस प्रदूषण नियंत्रण कोष का हिस्सा 27 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। व्यय में कमी का आधिकारिक कारण इस योजना को जारी रखने की मंजूरी मिलने में देरी को बताया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। चालू वित्त वर्ष अब समाप्त होने वाला है ऐसे में यह स्थिति प्रदूषण को लेकर लापरवाह रवैया एवं ठोस योजना के अभाव की तरफ इशारा कर रही है।

भारत में वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण पर नजर रखने के लिए 2018 में प्रदूषण नियंत्रण योजना शुरू की गई थी और इसके लिए पूरी रकम सरकार ही उपलब्ध करा रही है। सरकार का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) इस योजना का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। एनसीएपी ने वर्ष 2026 तक देश के 131 शहरों में हवा में पार्टिकुलेट मैटर (हानिकारक सूक्ष्म कण) या पीएम10 वर्ष 2019-20 के स्तर से 40 प्रतिशत कम करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2019-20 और 2025-26 के बीच इस योजना के लिए कुल 3,072 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार है और आवश्यक अनुमति मिलते ही वे शुरू हो जाएंगे। फिलहाल तो संसदीय समिति या संसद को यह नहीं बताया गया है कि ऐसी योजना के लिए अनुमति समय रहते क्यों नहीं मिलती है, विशेषकर जब देश के शहरों में प्रदूषण गंभीर स्तरों तक पहुंच चुका है।

वर्ष 2024 के लिए जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत के प्रदर्शन में सुधार पर खुशी का इजहार किया गया है। इस रिपोर्ट में भारत तीसरे से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और पीएम 2.5 (स्वास्थ्य के लिए सर्वाधिक हानिकारक) का स्तर 54.5 से कम होकर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रह गया है। हालांकि, यह अब भी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानक 5-15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से काफी अधिक है। इस रिपोर्ट में भारत की स्थिति सुधरने के बावजूद दुनिया के 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में 13 भारत के ही हैं जिनमें राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली दूसरे स्थान पर है। वास्तव में भारत की रैंकिंग में ह्यसुधारह्न प्रदूषण रैंकिंग में उसके चाड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो की तुलना में बेहतर प्रदर्शन के कारण हुआ है, मगर यह शायद ही उपलब्धि मानी जा सकती है।

# आईएमएफ समझौते के बाद पाकिस्तान के आम आदमी पर टैक्स का भार बढ़ने का खतरा



**नई दिल्ली।** आईएमएफ के साथ जलवायु परिवर्तन से जुड़ा एक समझौता होने के बाद पाकिस्तान में आम आदमी के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जानकारों का मानना है कि समझौते के शर्तों के तहत देश के लोगों पर करों का दबाव बढ़ सकता है। उनका कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को और अधिक करों के लिए तैयार रहना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ पाकिस्तान ने 1.3 अरब डॉलर का नया समझौता किया है। इससे आम आदमी पर सरकार की ओर से कार्बन शुल्क लगाने की आशंक बढ़ गई है।

बुधवार को आईएमएफ के साथ स्टाफ-स्तरीय समझौते (एसएलए) के तहत, ऋणदाता ने पाकिस्तान को पहले से स्वीकृत 7 बिलियन डॉलर के ऋण के तहत लगभग 1 बिलियन डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने पर भी सहमति व्यक्त की है।

आईएमएफ ने एक बयान में कहा, आईएमएफ की टीम विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 37 महीने की विस्तारित व्यवस्था की पहली समीक्षा और आईएमएफ की लचीलापन और स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत 28 महीने की नई व्यवस्था पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ एसएलए पर पहुंच गई है, जिसमें 28 महीनों में कुल 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पहुंच है। नवीनतम आरएसएफ व्यवस्था के साथ, आईएमएफ ऋण की संयुक्त मात्रा लगभग 8.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाती है और आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन के साथ, देश को लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक तत्काल पहुंच प्राप्त होगी।

इससे देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेगी। लेकिन डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, ऋणदाता की यह उदारता पहले से ही कर के बोझ से दबी जनता के लिए एक चुनौती होगी। इसका कारण बताते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने एक नया कार्बन शुल्क लागू करने, पानी की कीमतें बढ़ाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र को वैश्विक व्यापार के लिए खोलने पर सहमति दी है। अगर ऐसा होता है तो आम लोगों को अधिक टैक्स चुकाना पड़ेगा।

आम लोगों के लिए एकमात्र अच्छी बात यह है कि बिजली की दरों में कमी आने की उम्मीद है। हालांकि, यह मुफ्त नहीं होगी क्योंकि इस कोष ने सरकार को पहले से लागू पेट्रोलियम शुल्क को बिजली दरों को कम करने के लिए उपयोग करने की अनुमति दे दी है। आर्थिक व वित्तीय नीति ज्ञापन (एमईएफपी) से संबंधित एसएलए से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने अखबार को बताया कि प्रधानमंत्री कुछ ही दिनों में औसत बिजली दरों में लगभग 7 रुपये प्रति यूनिट की कटौती की घोषणा करेंगे, लेकिन यह कटौती 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों और कोयले सहित सभी हाइड्रोकार्बन पर कार्बन लेवी लगाने की प्रतिबद्धता जताई है।

## शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग

# सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा, निफ्टी 23600 के करीब पहुंचा




**नई दिल्ली।** वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 317.93 अंक बढ़कर 77,606.43 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23,591.95 के स्तर पर बंद हुआ। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 317.93 अंक बढ़कर 77,606.43 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23,591.95 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान रुपये में गिरावट देखी गई है। रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 85.79 रुपये (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, जोमैटो, पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स रहे। जबकि, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप लूजर्स रहे।

# इंफोसिस में फिर 40 से अधिक कर्मियों की छंटनी की खबर

## पिछले महीने ही निकाले गए थे 350 लोग

**नई दिल्ली।** सॉफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस ने बुधवार को अपनी मैसूर शाखा से कम से कम 30 से 45 प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाल दिया। खबरों के अनुसार, ये प्रशिक्षु कथित तौर पर कंपनी के आंतरिक मूल्यांकन मानकों को पूरा करने में विफल रहे। प्रभावित प्रशिक्षु, जो फाउंडेशन स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का हिस्सा थे, उन्हें मॉक असेसमेंट और संदेह-समाधान सत्रों सहित अतिरिक्त तैयारी के लिए कई अवसर दिए गए थे। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, वे उत्तीर्ण होने के मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए, जिसके कारण उन्हें बाहर कर दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि बर्खास्तगी का यह फैसला कंपनी की ओर से फरवरी में करीब 350 प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाले जाने के थोड़े समय बाद ही आया है। इन प्रशिक्षुओं को नियुक्ति में काफी देरी का सामना करना पड़ा था, उन्हें काम पर रखे जाने से पहले 2.5 साल से अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी थी। ताजा छंटनी ने कंपनी के प्रशिक्षण और मूल्यांकन प्रथाओं, विशेष रूप से इसके प्रवेश-स्तर की प्रक्रिया से जुड़ी चिंताएं बढ़ा दी हैं।




अपने कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए जानी जाने वालीा इंफोसिस, आमतौर पर अपने नए कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग और कौशल विकास में महत्वपूर्ण संसाधनों का निवेश करती है। हालांकि, कंपनी के आंतरिक मूल्यांकन लगातार सख्त होते जा रहे हैं। और हाल ही में की गई छंटनियां इसी कारण से की गईं हैं। कंपनी ने ताजा छंटनी के बारे में फिलहाल कोई कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर बीआईएस की छापेमारी, घटिया क्वालिटी के सामान जब्त किए

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर व्यापक छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं पाए गए हजारों उत्पादों को जब्त कर लिया गया है। इन उत्पादों की कीमत 76 लाख रुपये से अधिक है। आइए इस बारे में जानते हैं।

सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर व्यापक छापेमारी की है और उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं पाए गए हजारों उत्पादों को जब्त कर लिया है।

मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे की कार्रवाई की। बीआईएस अधिकारियों ने गीजर और फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए, जिनकी कीमत लगभग 70 लाख रुपये थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि फ्लिपकार्ट की सहायक कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज पर एक अलग छापे में बिना आवश्यक विनिर्माण चिह्न वाले 590 जोड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 6 लाख रुपये थी। यह कार्रवाई गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए बीआईएस की ओर से चलाए जा रहे व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पिछले महीने, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर सहित कई स्थानों पर इसी तरह की छापेमारी की गई थी। बयान में कहा गया कि ये छापे उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने और उत्पाद गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में, 769 उत्पाद श्रेणियों को भारतीय विनियामकों से अनिवार्य प्रमाणन की आवश्यकता है। उचित लाइसेंस के बिना इन वस्तुओं को बेचने या वितरित करने पर कानूनी दंड लग सकता है, जिसमें 2016 के बीआईएस अधिनियम के तहत संभावित कारावास और जुमार्ना भी शामिल है। अमेजन और फ्लिपकार्ट ने अभी तक छापों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

अगर परीक्षा मे पेपर कठिन हो तो आंखें बंद करो गहरी सांस लो और जोर से कहो।
ये विषय बहुत मजेदार है हम अगले साल इसे फिर से पढ़ेंगे।

---

एक बच्चा परीक्षा में फेल हो गया।
बच्चे को समझाने के लिए पिता- कोई बात नहीं, तू शेर का बेटा है..
बच्चा- टीचर भी यही कहती हैं।
पिता- क्या कहती हैं तुम्हारी टीचर?
बच्चा- यही कि न जाने किस जानवर की औलाद है।
पिता बेहोश!

---

गोलू- बचपन में मां की बात सुनी होती, तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।
सोनू- क्या कहती थी मां?
गोलू- जब बात ही नहीं सुनी तो कैसे बताऊं क्या कहती थी।

## 28 03 2025 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


अनु इम्मानुएल अभिनेत्री


अर्चना त्यागी


किरण मिश्रा


अनरूप सिंह वोहरा


अमित सिंघल


अनिल बंसल


अनु कुमार


मनोज चौधरी


प्रदीप कुमार मित्तल


शोएब अहमद


महेन्द्र कर्णवाल


श्रीराम


आसिफ खान



धीरज सिंह


धर्मेन्द्र शर्मा


अमित वर्मा


धीरेन्द्र ध्यानी


सनी गुप्ता


मनोज मोहन


रणधीर सिंह राणा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# हिंडन महोत्सव 2025 : बच्चों ने कपड़े के थैलों पर उकेरी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक कहानियां

## 1 से 26 मार्च तक चली पेंटिंग ऑन कॉटन बैग प्रतियोगिता में 600 विद्यालयों की भागीदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्थान समिति द्वारा नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत हिंडन नदी के संरक्षण व पुनर्जीवन हेतु आयोजित 'हिंडन महोत्सव 2025' के पहले चरण में 1 मार्च से 26 मार्च तक 'पेंटिंग ऑन कॉटन बैग प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। इस रचनात्मक प्रतियोगिता में गाजियाबाद सहित बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ जनपदों के 600 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से अकेले गाजियाबाद के 450 विद्यालय शामिल रहे। पर्यावरणविद्, उत्थान समिति के चेयरमैन और गंगा संरक्षण समिति के सदस्य सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों की रचनात्मकता को मंच देने का माध्यम बनी, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य हिंडन नदी को बचाने के प्रति जन-जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहन और प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर कपड़े व जूट के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा देना रहा।

### सम्मान समारोह 12 अप्रैल को

करंट क्राइम। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को 12 अप्रैल 2025 को लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही चयनित छात्रों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

### हिंडन महोत्सव अब एक अभियान बन चुका है





**करंट क्राइम।** सत्येन्द्र सिंह ने आगे बताया कि महोत्सव के अंतर्गत न केवल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बल्कि कई स्कूलों, कॉलेजों, आवासीय सोसायटियों व सामाजिक संस्थाओं में हिंडन नदी के संरक्षण हेतु जनशपथ भी दिलाई गई। इस पहल के माध्यम से गंगा, यमुना और हिंडन जैसी जीवनदायिनी नदियों के संरक्षण के लिए जनसहभागिता को मजबूत करने का कार्य किया गया है। हिंडन महोत्सव अब एक अभियान बन चुका है – जहाँ कला, संस्कार और संरक्षण एक साथ चल रहे हैं।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़



**नई दिल्ली।** भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्तूबर में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी। अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपये से 64,000 करोड़ रुपये के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां 'समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी' शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया। इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।

यह पता चला था है कि अनुमानित खर्च पिछले साल के पेरिस ओलंपिक (32,765 करोड़ रुपये) से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, 'टाइम्स ऑफ इंडिया को मिले अंतिम ब्लूप्रिंट में गुजरात के दो शहरों और चार अन्य शहरों - भोपाल, गोवा, मुंबई और पुणे में खेल करवाने के अनुमानित लागत का खुलासा किया गया है।' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव नियुक्त अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने 2036 खेलों के आयोजन की भारत की दावेदारी को लेकर कहा था कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन को लेकर अपने विचार प्रकट करेंगी।

### नई अध्यक्ष कोवेंट्री का बयान

यह पूछे जाने पर कि मौजूदा राष्ट्रपति थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले क्या भारत के प्रयास को त्वरित वार्ता में बदलने की कोई संभावना है? इस पर कोवेंट्री ने कहा, 'यह एक प्रक्रिया है और यह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मेरी जानकारी है अगले कुछ महीनों तक यह जारी रहेगी।' उन्होंने अपने चुनाव के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे लगता है कि हमें भविष्य के मेजबान के चयन में सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता है और मेरे पास कुछ विचार हैं और उन्हें साझा करने के लिए तैयार हूं। हालांकि, ऐसा शायद अगले सप्ताह हो।' कोवेंट्री 23 जून को ओलंपिक दिवस पर बाक से आईओसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी। कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।

### 2026 तक आ सकता है फैसला

इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान के रूप में खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का अध्ययन करती है। प्रक्रिया का अगला चरण 'लक्षित संवाद' होगा, जिसके लिए एक संस्करण–विशिष्ट औपचारिक बोली प्रस्तुत की जाएगी। इसका मूल्यांकन भविष्य के मेजबान आयोग द्वारा किया जाएगा। यह प्रक्रिया अंततः एक मेजबान चुनाव के साथ समाप्त होगी। 2036 के मेजबान पर निर्णय 2026 से पहले आने की संभावना नहीं है।

# आशी को हराकर सिद्धि बनीं एकल चैंपियन

## बालक एकल फाइनल में अनिरुद्ध से भिड़ेंगे सानिध्य



**सिद्धि सिंह ने पहला सेट कड़े संघर्ष के बाद टाईब्रेक में 7-6 (7-4) से जीता**
करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में सिद्धि सिंह ने पहला सेट कड़े संघर्ष के बाद टाईब्रेक में 7-6 (7-4) से जीता। दूसरे सेट में आशी ने रणनीति में बदलाव करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में एक-एक अंक के लिए हुए करीबी संघर्ष में सिद्धि ने उम्दा स्ट्रोक व दमदार फोरहैंड शॉट का सहारा लिया और 7-5 से जीत हासिल की।

**लखनऊ।** लखनऊ की खिलाड़ी सिद्धि सिंह ने आदर्श भसीन मेमोरियल अंडर-18 आइटा टेनिस चैंपियनशिप में बालिका एकल खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में यूपी की आशी शमशेरी को कड़े मुकाबले में 7-6(7-4), 3-6, 7-5 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में शीर्ष वरीय सानिध्य धर द्विवेदी का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध कुमार से होगा। अनिरुद्ध पहले ही बालक युगल फाइनल में प्रवेश कर चुके हैं।

उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस अकादमी की ओर से विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर आयोजित टूनामेंट में बालिका एकल के फाइनल में उत्तर प्रदेश की सिद्धि सिंह ने उत्तर प्रदेश की ही आशी शमसेरी के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला।

दूसरी ओर बालक एकल के पहले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश के सानिध्य द्विवेदी ने मजबूत सर्विस का नजारा पेश करते हुए नई दिल्ली के हंस आनंद को 6-1, 6-0 से हराया। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के सातवीं वरीय अनिरुद्ध कुमार ने करीबी मैच में महाराष्ट्र के आदित्य गायकवाड़ को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। मुकाबले में अनिरुद्ध ने तेज सर्विस और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आसान जीत दर्ज की।

### इन जोड़ियों के बीच होगा बालक युगल का फाइनल

प्रतियोगिता में बालक युगल का फाइनल अनुज व अनिरुद्ध और अणर्व व श्रेयांश की जोड़ी के बीच खेला जाएगा। बालक युगल के पहले सेमीफाइनल में अनुज व अनिरुद्ध की जोड़ी ने वैभव व हर्ष को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अणर्व व श्रेयांश ने मेहर व कौस्तुभ को 6-1, 7-5 से मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

# मोहम्मद रिजवान की हुई इंटरनेशनल बेइज्जती



**इस्लामाबाद।** ईशान किशन ने पाकिस्तान के वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान के विकेट के पीछे जरूरत से ज्यादा अपील करने की खराब आदत के बारे में बताया है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज का मानना है कि रिजवान की इस आदत से पाकिस्तान को नुकसान भी हुआ होगा। भारतीय अंपायर अनिल चौधरी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया हे, जिसमें उन्होंने ईशान किशन की विकेट के पीछे अपील करने की आदत में हुए बदलाव की तारीफ की है।

अनिल चौधरी ने शुक्रवार को अंपायरिंग से संन्यास ले लिया है। हाल ही में अनिल चौधरी ने ईशान किशन से समय के साथ विकेटकीपर के रूप में उन्होंने जो बदलाव किए हैं और स्टंप के पीछे जरूरत से ज्यादा अपील करने की उनकी पुरानी आदत के बारे में पूछा। इस पर ईशान किशन ने पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की टांग खींची और कहा कि अगर वह पाकिस्तानी विकेटकीपर की तरह हर बार अपील करेंगे तो अंपायर शायद बल्लेबाज को एक बार भी आउट नहीं देगा। किशन ने कहा कि इन दिनों अंपायर काफी अच्छे हो गए हैं और वह दबाव में आकर आपकी बात नहीं मानेंगे। ईशान किशन ने कहा, "मुझे लगता है अंपायर अब स्मार्ट बन गए हैं। अगर मैं हर बार अपील करूंगा और उस समय भी जब बल्लेबाज आउट हो, वे नॉट आउट देंगे। इसके बजाय, एक बार अपील करो, उस समय करो जब लगे कि आउट है और उन्हें भी विश्वास आएगा कि ये सही समय पर अपील कर रहे हैं।

# बालिका वर्ग में मेरठ की टीम जीती

## बालक में ट्रिपल टीएसी का ट्रॉफी पर कब्जा



**बरेली।** बरेली के फरीदपुर स्थित मानस स्थली आवासीय विद्यालय में चल रही 23वीं यूथ यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। इस मौके पर प्रतियोगिता में प्रदेश की 43 टीमों के 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में बालिका वर्ग में मेरठ, बालक वर्ग में ट्रिपल टीएसी ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बालिका वर्ग में मेरठ ने बुलंदशहर को 85-68 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बुलंदशहर ने लखनऊ को 52-27 से तथा मेरठ ने गौतम बुद्ध नगर को 44-37 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया था। तीसरे स्थान के लिए हुई भिड़ंत में लखनऊ ने गौतम बुद्ध नगर को 20-00 से पराजित किया। बालक वर्ग में ट्रिपल टीएसी ने मेरठ को 62-48 से मात देकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। सेमीफाइनल में मेरठ ने गोरखपुर को 40-23 से और ट्रिपल टीएसी ने गौतम बुद्ध नगर को 46-18 से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। तृतीय स्थान के लिए गौतम बुद्ध नगर और गोरखपुर के बीच मुकाबला हुआ। इसमें गौतम बुद्ध नगर ने गोरखपुर को पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

मुख्य अतिथि एसएसपी अनुराग आर्य, विशिष्ट अतिथि एसपी साउथ अंशिका वर्मा, कुलाधिपति फ्यूचर यूनिवर्सिटी मुकेश गुप्ता, अध्यक्ष मानस स्थली ट्रस्ट सत्येंद्र प्रकाश गोयल, सचिव मानस स्थली ट्रस्ट सौरभ अग्रवाल, प्रधानाचार्य मानस स्थली रेसिडेंशियल स्कूल अनिल कुमार त्रिपाठी, सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव, यूपीबीए उपाध्यक्ष आरएस बेदी, संयुक्त सचिव यूपीबीए पवन कुमार, परमवीर सिंह उपस्थित रहे।

# धोनी बनाम कोहली, सॉल्ट बनाम करन की लड़ाई में कौन मारेगा बाजी?



**मुंबई।** कद्धछ 2025 में चेपॉक स्टेडियम एक और हाई-वोल्टेज मुकाबले का गवाह बनेगा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आमने-सामने होंगे। विराट कोहली बनाम एमएस धोनी की यह प्रतिष्ठित भिड़ंत फैंस के लिए खास होगी। आरसीबी की बल्लेबाजी जहां कोहली और फि ल सॉल्ट पर टिकी होगी, वहीं उरङ का दारोमदार ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे पर रहेगा। जॉश हेजलवुड अपने पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ खेलेंगे, जबकि सीएसके की टीम स्पिनरों के दम पर चेपॉक में बढ़त बनाना चाहेगी। आइए देखते हैं कि आंकड़ों की कहानी इस मैच में क्या संभावना व्यक्त करती है।

कोहली और धोनी ने सालों से आईपीएल में एकदूसरे के खिलाफ रोमांचक मुकाबले खेले हैं। कोहली ने सीएसके के खिलाफ 32 पारियों में 1,053 रन बनाए हैं, जो डीसी (1,057) के बाद किसी भी टीम के खिलाफ उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सीएसके के खिलाफ उन्होंने नौ अर्धशतक लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 90* है। उनकी निरंतरता और बड़ी पारियां खेलने की क्षमता उन्हें सीएसके के लिए सबसे बड़ा खतरा बनाती हैं। दूसरी ओर धोनी ने आरसीबी के खिलाफ 33 पारियों में 864 रन बनाए हैं। धोनी ने आरसीबी के खिलाफ 39.3 की औसत और 142 के स्ट्राइक रेट रन बनाए हैं, जिसमें चार अर्धशतक और नाबाद 84* रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है।

### सैम करन कर सकते हैं सॉल्ट और कोहली को परेशान

आरसीबी के लिए कोहली और सॉल्ट की जोड़ी तेज शुरूआत देने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। उनके सामने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम करन की चुनौती होगी। करन का सॉल्ट के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। वहीं उन्होंने टी 20 में कोहली को दो बार आउट भी किया है। यह मुकाबला आरसीबी की बल्लेबाजी की नींव तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। सॉल्ट ने करन के खिलाफ 13 पारियों में 104 रन बनाए हैं, लेकिन वह पांच बार उनके शिकार बने हैं। इस दौरान उनका औसत सिर्फ.20.8 का रहा है, जबकि स्ट्राइक रेट 143 है। कोहली का करन के खिलाफ प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने 11 पारियों में 56 के औसत और 145 के स्ट्राइक रेट के साथ 112 रन बनाए हैं। हालांकि वे दो बार आउट भी हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, आईपीएल 2022 से पावरप्ले में उनके 56% ओवर आए हैं, जिसमें उन्होंने 7.0 की इकॉनमी और 19.8 के स्ट्राइक रेट से 10 विकेट लिए हैं। सीएसके के लिए खेलते हुए भी उन्होंने 12 पारियों में 12 विकेट चटकाए थे, 7.9 की इकॉनमी और 22.5 के स्ट्राइक रेट के साथ गेंदबाजी की थी। सीएसके ने मिडिल ओवर्स में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए शिवम दुबे पर काफी निर्भरता दिखाई है, लेकिन उन्हें स्थिर समर्थन न मिलना एक बड़ी चिंता बनी हुई है। सीएसके के मध्यक्रम (क्रम 4-7) में रन योगदान की बात करें तो पिछले सीजन में दुबे ने अकेले 36% रन बनाए हैं, जबकि बाकी बल्लेबाजों ने मिलकर 64% रन जोड़े हैं।

### हेजलवुड कर सकते हैं सीएसके को परेशान

पिछले सीजन में आरसीबी का पावरप्ले में प्रदर्शन गेंदबाजी के लिहाज से कमजोर रहा था। उन्होंने पावरप्ले में 9.8 की इकॉनमी रेट से रन खर्च किए थे, जो पूरे टूर्नामेंट में चौथी सबसे खराब इकॉनमी थी। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने नीलामी में हेजलवुड को खरीदा, और उन्होंने पहले ही मैच में अपने चयन को सही साबित किया। हेजलवुड ने केकेआर के खिलाफ दो शानदार ओवर डालकर क्विंटन डी कॉक का अहम विकेट लिया, जिससे केकेआर पर तुरंत दबाव बन गया।

# श्रेयस अय्यर की कुबार्नी पर दिग्गज का सिक्सर





**नई दिल्ली:** अक्सर ऐसा देखने को मिला है जब बल्लेबाज शतक के करीब होता है तो वह थोड़ा स्लो हो जाता है और अगर गेंदें कम होती हैं तो साथी को सिंगल लेकर मौका देने को कहता है। हालांकि, यह चीज श्रेयस अय्यर के साथ नहीं दिखी। वह पंजाब किंग्स के कप्तान हैं और गुजरात टाइटंस के खिलाफ 97 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि 3 रन से शतक चूक गए। इस पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की है और बिना नाम लिए उन्होंने उन खिलाड़ियों को धो डाला, जो शतक हर हाल में पूरा करने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने कद्धछ 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पंजाब किंग्स की 11 रनों से जीत में श्रेयस अय्यर की नाबाद 97 रनों की पारी को सराहा। चोपड़ा ने अय्यर की स्पिन के खिलाफ मध्य ओवरों में दबदबा बनाने की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अय्यर को खेल के उस चरण में भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया। चोपड़ा के अनुसार, अय्यर ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराया। अय्यर ने अपनी पारी में शानदार शॉट लगाए और टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई।

आकाश चोपड़ा ने कहा कि श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी बहुत ही साफ और सटीक थी। खासकर स्पिन के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार था। चोपड़ा का मानना है कि श्रेयस अय्यर मध्य ओवरों में स्पिनरों को मारने के मामले में भारत के सबसे अच्छे बल्लेबाज हैं। ज्यादातर बल्लेबाज आगे बढ़कर शॉट लगाते हैं, लेकिन श्रेयस को ऐसा करने की जरूरत नहीं होती। इससे गेंदबाजों को उनकी अगली चाल का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। चोपड़ा ने अय्यर की तकनीक और स्पिन के खिलाफ उनकी क्षमता की प्रशंसा की।

श्रेयस अय्यर ने कमाल की बैटिंग की और टीम को जीत दिलाई

श्रेयस अय्यर का दबदबा पूरे मैच में देखने को मिला। उन्होंने गुजरात टाइटंस के गेंदबाजी आक्रमण को कुशलता से संभाला। खासकर राशिद खान और साई किशोर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। साई किशोर ने इससे पहले लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए थे। लेकिन अय्यर ने तुरंत बाद दो चौके मारकर उन पर दबाव बना दिया। उन्होंने राशिद खान को भी नहीं बख्शा। उन्होंने राशिद खान की गेंदों पर पांच छक्कों में से दो छक्के लगाए।

राशिद खान ने अपने चार ओवरों में 48 रन देकर 1 विकेट लिया। अय्यर को रन बनाने के मौके की पहचान करने में महारत हासिल थी। उन्होंने 15वें ओवर में नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़े होकर भी एक वाइड गेंद को भांप लिया। जब उन्हें अतिरिक्त गेंद खेलने का मौका मिला, तो उन्होंने उसे भी छक्के के लिए भेज दिया।

आकाश चोपड़ा ने श्रेयस अय्यर के बहाने कइयों पर साधा निशाना

चोपड़ा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- अय्यर अपने पहले आईपीएल शतक से सिर्फ एक हिट दूर थे। उसके बाद उन्हें स्ट्राइक नहीं मिली। उन्होंने इसके लिए कहा भी नहीं। यह सभी के लिए एक अच्छा उदाहरण है। ळ20 क्रिकेट हर गेंद का अधिकतम उपयोग करने के बारे में है... जो भी हिट कर रहा है, वह हिट करता रहता है। कोई भी व्यक्तिगत मील का पत्थर टीम के कुछ अतिरिक्त रनों से बड़ा नहीं होता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमने लोगों को आखिरी ओवरों में स्ट्राइक लेने से इनकार करते हुए देखा है जब एक मील का पत्थर छूने की दूरी पर होता है। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने 230.95 के स्ट्राइक रेट से नौ छक्के और पांच चौके लगाए। डेब्यू करने वाले प्रियांश आर्य ने 23 गेंदों में 47 रनों की तेज शुरूआत दी। वहीं, शशांक सिंह ने अंत में 16 गेंदों में नाबाद 44 रनों की तूफानी पारी खेलकर यह सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स कद्धछ इतिहास में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाए।

# हैदराबाद की पिच पर फिर देखने को मिलेगी रनों की बारिश



**नई दिल्ली।** इस सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाला मुकाबला ब्लॉकबस्टर साबित हो सकता है, क्योंकि दोनों ही टीमों के पास विस्फोटक बल्लेबाजों की फौज है, जो हैदराबाद की पाटा विकेट पर रनों की बारिश कर सकती है। लखनऊ सुपर जायंट्स की बात करें तो उनके कई तेज गेंदबाज चोटिल हैं और मोहसिन खान तो बाहर ही हो गए हैं। ऐसे में उनके सामने एक समस्या तेज गेंदबाजी जरूर होगी। क्योंकि शार्दुल ठाकुर के अलावा कोई बड़ा नाम इस टीम में तेज गेंदबाजी में शामिल नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद में टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन हां पिछले मैच में इशान किशन को क्षेत्ररक्षण करते हुए चोट लग गई थी। अब देखना होगा कि क्या वह पूरी तरह से फिर हो गए हैं या अभी उनको थोड़ा समय लगेगा। पिच रिपोर्ट की बात करें तो हैदराबाद के स्टेडियम की विकेट पर काफी रन बनते हैं, यह पिछले मैच में भी देखने को मिला है। ट्रैविषेक की जोड़ी इस बार भी इस मैदान पर नए आयाम खड़ी कर सकती है। वैसे भी कहा जा रहा है कि इस सीजन 300 रन बन सकते हैं और कौन जानता है कि यह सनराइजर्स हैदराबाद ही करके दिखा दे।

# योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर हापुड़ के विधायकों ने गिनाईं उपलब्धियां

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर हापुड़ के तीनों विधायकों ने प्रेसवार्ता की। धौलाना से विधायक धर्मेश तोमर, हापुड़ से विजयपाल आड़ती और गढ़ से हरेंद्र सिंह तेवतिया ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। विधायकों ने कहा कि 8 साल पहले उत्तर प्रदेश को अपराध की नगरी के रूप में जाना जाता था। आज प्रदेश की तस्वीर बदल चुकी है। अपराध अपने न्यूनतम स्तर पर है। योगी सरकार अपराधियों को तत्काल सजा दे रही है।




विकास कार्यों का जिक्र करते हुए विधायकों ने बताया कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया है। नए हाईवे और अंडरपास बन चुके हैं। यात्रा का समय आधा हो गया है। पहले जहां 10 घंटे लगते थे, अब 4-5 घंटे में पहुंचा जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में नए विद्यालय और इंटर कॉलेज खोले गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। हापुड़ अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। बिजली आपूर्ति में भी सुधार हुआ है। 2017 से पहले जहां चुनिंदा जिलों में ही बिजली आती थी, अब लगातार बिजली मिल रही है। विधायकों ने कहा कि इन 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास का इंजन बन गया है।

अन्य राज्यों के लोग भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हैं। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ, बहादुरगढ़ अध्यक्ष तरुण चौहान समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आज होगी नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक

## मुख्य सचिव करेंगे बैठक की अध्यक्षता, संपत्तियों की दर में होगा इजाफा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने सेक्टर-14ए स्थित कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक में करीब 30 प्रस्ताव रखे जाएंगे। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। छह प्रतिशत तक बढ़ेगी आवंटन दर बैठक में महत्वूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे उनमें मुख्य रूप से आवंटन दरों का बढ़ाया जाना है। आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग संपत्ति के पांच से छह प्रतिशत रेट बढ़ाए जाने संभावित है। खरीदार न होने को लेकर




व्यावसायिक संपत्ति की दरों में इजाफा नहीं करने का निर्णय लिया गया है। दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट को मंजूरी दिया जाना है। इस वित्तीय वर्ष के लिए सात से आठ हजार करोड़ का बजट तय किए जाने की तैयारी है।

**सिविल में खर्च होंगे 1300 करोड़**

सबसे ज्यादा सिविल के कामकाज पर 1300 करोड़ रुपए और गांवों के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। इसके अलावा नए नोएडा के लिए अप्रैल-मई से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। ऐसे में किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे के लिए एक हजार करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। नोएडा-ग्रेनो के बीच सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो लाइन को जल्द केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। ऐसे में इसके लिए 500 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। यूनिफाइड पॉलिसी में होगा संशोधन अधिकारियों ने बताया कि जिले के तीनों प्राधिकरण में लागू की गई यूनिफाइड पॉलिसी में आ रही दिक्कतों, फ्लैट खरीदार मामले में अमिताभकांत समिति की स्टेटस रिपोर्ट, एनजीटी मामले में 11 बिल्डर परियोजनाओं को दिया जाने वाला जीरो पीरियड का लाभ, एंटरटेनमेंट सिटी, बिल्डर के अधूरे ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक परियोजना, संस्थागत और व्यवसायिक भूखंडों के पूर्ण होने की स्टेटस रिपोर्ट, पिछले एक साल में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की स्थिति समेत अन्य प्रस्ताव रखे जाएंगे।

# बदमाशों ने एक किसान व मैनेजर को गोली मार किया घायल

## पुलिस ने रात में दबिश डाल बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास किये

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बुधवार की रात्रि नकाबपोश बदमाशों ने एक ही रात में एक किसान व मैनेजर को गोली मार दी। पुलिस दोनों घटनाओं को लेकर जांच में जुट गई, साथ ही पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश भी डाली है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को पकड़ा जाएगा और आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाही की जाएगी।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव अमराला निवासी रजनीश बुधवार को कार सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने







गोली मार दी। पत्नी रचना व बहन कविता को घायल कर दिया। गोली लगने से घायल हुये रजनीष का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जंहा उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। इसके बाद बदमाशों ने गांव में रहने वाले किसान अजीत को गोली मार दी और फरार हो गए।

सभी घायलों को भर्ती कराया गया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने कहा कि इन दोनों घटनाओं पर पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। देहात एसओजी समेत पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं।

# नोएडा की जिला जेल लुक्सर में नशामुक्ति अभियान की शुरूआत

## 300 बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाव का दिया प्रशिक्षण, अधिकारियों ने ली शपथ

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतम बुद्ध नगर के जिला कारागार लुक्सर में हग्स लाइफ हॉलिस्टिक नशा मुक्ति केंद्र ने एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और अपर जिला जज ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

संस्थान के अध्यक्ष लवलित पीर ने जेल में पहली बार नशा उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में जिला मजिस्ट्रेट मनीष वर्मा, जेल अधीक्षक बृजेश कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नशे के विरुद्ध शपथ ली।

कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार ने नशे की लत से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विड्रॉवल सिम्पटम्स से लेकर नशा छोड़ने के तरीकों तक की जानकारी दी।

समाज सेविका रचना वशिष्ठ ने मंच संचालन किया। मोटिवेशनल स्पीकर राकेश मस्सी और राजीव कुमार ने बंदियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम इतना रोचक रहा कि बंदियों ने दोपहर का भोजन भी टाल दिया।

ढाई घंटे चले इस कार्यक्रम में जेल प्रशासन के सभी अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने लवलित पीर के इस निःस्वार्थ प्रयास की सराहना की। यह





पहल नशे से पीड़ित बंदियों के लिए एक नई दिशा साबित हो सकती है।

# नवविवाहिता को अगवा कर 14 दिन तक किया दुष्कर्म

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक गांव में संदिग्ध हालात में गायब हुई नवविवाहिता को अगवा कर होटल में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाष में आया है। आरोपित ने विवाहिता को रूड़की में बंधक बनाकर रखा। पीड़िता व उसके परिजन ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाही की मांग की है। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव की युवती संदिग्ध हालात में गायब हो गईं।

परिजनों ने थाने में गुमशुदगी करा दी, और पुलिस ने उसे बरामद भी कर लिया है। गुरूवार को विवाहिता तहसील पहुंचकर एसीपी ज्ञान प्रकाश राय से मिलीं और उन्हें बताया कि समारोह के दौरान पड़ोस की एक युवती ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश




कर दिया था। बेहोशी की हालत में युवक उसे रुड़की ले गया। जहां उसे बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग, धुएं से भरी लाइब्रेरी से छात्र छत के रास्ते निकले

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अंकुर विहार क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लग गई। यह शोरूम खन्ना कॉलोनी में रजिस्ट्री ऑफिस के सामने स्थित है। शोरूम भूतल पर है और प्रथम तल पर 'ऑफिसर्स' नाम से एक लाइब्रेरी संचालित है। घटना के समय लाइब्रेरी में कई छात्र पढ़ाई कर रहे थे। जब नीचे से आग का धुआं ऊपर पहुंचा, तो सीढ़ियों का रास्ता धुएं से भर गया। इस स्थिति में छात्रों को छत के रास्ते से बाहर निकलना पड़ा। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। चीफ

## कोई हताहत नहीं



फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आग के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं।




# आज पुलिस रहेगी एक्सट्रा अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों जोन की पुलिस को आज अधिक अलर्टनेस और छोटे बड़े मामलों पर फोकस करना होगा। वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद लॉ एंड ऑर्डर वाला कोई बड़ा मामला नहीं हुआ है लेकिन पुलिस को अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था और सावधानी बरतने के निर्देश ऊपर से ही मिले हुए हैं। जिसकी वजह से कहा जा रहा है कि शुक्रवार को सब कुछ ठीक रहे, इसके लिए तमाम तरीके की तैयारी की गई हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि तीनों जोन में ड्रोन उड़ाया जाएगा। तो वहीं हर थानाक्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों और ऐसे स्थान जहां नमाज के लिए लोग एकत्रित होते हैं वहां पुलिस के साथ ही लोकल इंटेलीजेंस वाले निगरानी रखने का काम करेंगे। कहीं पर किसी प्रकार की व्यवस्था ना बिगड़े इसका दी ध्यान रहेगा। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की कोई पोस्ट या वीडियो वायरल ना हो, इसके रोकने के भी तैयारी की गई है। उधर पुलिस



कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि सुबह से लेकर शाम तक अलग-अलग जोन के अधिकारियों को अलग-अलग सर्किल में नजर रखनी होगी। तो वहीं सर्किल वालों से लेकर थाने और चौकी वाले भी अपना इसी प्रकार का अभियान और काम करेंगे। बता दें कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर प्रत्येक जिले के प्रमुख अधिकारियों को लखनऊ में बाबा और बड़े साहब ने दिशा निर्देश दिए थे, उसका अनुपालन करना होगा। सुनने में आ रहा है कि हर क्षेत्र में शांतिपूर्वक जुम्मा अलविदा की नमाज होने के बाद अधिकारियों को थाना प्रभारी इनपुट प्रदान करेंगे। तो वहीं यह जानकारी ऊपर तक भेजी जाएगी। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले जानकारी दें रहे हैं कि कई इलाकों में सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों को लगाकर व्यवस्था को शांतिपूर्वक संपन्न करने का काम किया जाएगा। तो कई इलाकों में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती भी करने के निर्देश दे दिए गए हैं। कुल मिलाकर शुक्रवार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में विशेष अलर्ट देखने को मिलेगा। तो वहीं अधिकारियों का भी पूरा फोकस इस बात पर है कि सब कुछ ऑल इज वेल वाली स्थिति में निपट जाए। इन दिनों वैसे भी दो समुदायों के बीच के मामले को लेकर मामला हाईलाइट और टाइट हो जाता है, इसीलिए अधिकारियों की कोशिश रहेगी कि सब कुछ शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो जाए। उधर नवरात्र का आगमन होना है, उसको लेकर भी पुलिस को अतिरिक्त चौकन्ना रहने का फरमान सुनाया जा चुका है। जिसका सभी को पालन करना होगा। वहीं बीते 24 घंटे के दौरान जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपराधियों एवं आरोपियों पर नकेल कसी है, उसका भी अलग ही संदेश गया है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खोड़ा नगर पालिका द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेले का किया समापन










**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका द्वारा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे, तीन दिवसीय मेले का गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने समापन किया। इस मौके पर केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने शॉल उड़ाकर सम्मान किया। केबीनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सरकार के आठ वर्ष मेले में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं एवं उत्पादों की जानकारी ली। उन्होने खोड़ा नगरपालिका द्वारा आयोजित की गई भव्य प्रदर्शनी की सराहना की। सरकार के विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के संबंध में अधिकतम लोगों को अधिकतम हित देने के 0। टॉलरेंस की नीति भ्रष्टाचार और अपराधमोक्र शासन आदि के बारे में। अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार के इन प्रयासों की सराहना। की गई अपने वक्तव्य में उन्होंने। विभिन्न विकास विभागों मुख्ता नगर विकास विभाग की योजनाओं के बारे में बात करते हुए नगर पालिका परिषद खोड़ा द्वारा सरकारी योजनाओं को के क्रियान्वयन की तारीफ करते हुए खोड़ा के पूरा निस्तारण सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पेयजल व्यवस्था पथ प्रकाश व्यवस्था सड़क एवं नाली निर्माण दिवस। सराहना की गई। केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर में चलने वाले विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा राशन कार्ड का वितरण लाभार्थियों को किया गया। कार्यक्रम में आए ये सभी विभागों के स्टालों का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। और स्टालों पे लगे हुए विविध प्रदर्शनियों के बारे में विभागों से जानकारी ली गई और उनको अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपजिला अधिकारी सदर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद खोड़ा मकपुर ई सफाई। टी एस कर निरीक्षक कर अधीक्षक सेनेटरी इंस्पेक्टर। इन मौके पर सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित करते हुए उनकी सेवा को सबसे बड़ा इस परमार्थ बताकर उनके कार्यों की सराना की। आधीशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों को मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद। ज्ञापन करते हुए यह कहा गया कि भविष्य में भी सरकार की विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वयन के क्रियान्वयन के लिए नगर पालिका सदैव। तत्पर रहेगी। इन मौके पर जिन्होंने 88 अधिकारी के उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर राहुल रजावेरिया राजबीर शर्मा, बिंदु बालमीकी, राजेश शर्मा, सीपी शर्मा, रामवीर यादव, सोनू जोशी, गजेन्द्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, शादीशुदा महिला और उसका साथी गिरफ्तार

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** पुलिस ने हनी ट्रैप कर लोगों को ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक शादीशुदा महिला आसिया और उसके साथी जाहिद को गिरफ्तार किया है। आसिया अमरोहा के बामन खेड़ी की रहने वाली है, जबकि जाहिद गढ़मुक्तेश्वर के आदर्श नगर का निवासी है।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने बताया कि एक व्यापारी कासिम ने शिकायत दर्ज कराई थी। आसिया ने कासिम को प्रेमजाल में फंसाया और उनकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद पैसों के लिए ब्लैकमेल करने लगी। जाहिद इस पूरे मामले में बिचौलिए का काम करता




था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 40,200 रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला के खिलाफ और भी शिकायतें मिली हैं। इन सभी मामलों की जांच की जा रही है। जांच में सामने आया कि आसिया पैसों के लालच में इस गलत धंधे में शामिल हुई। वह लोगों से दोस्ती करती और फिर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करती थी। पुलिस अन्य पीड़ितों की भी तलाश कर रही है।

# अधिवक्ता के घर चोरी, छत से घुसा चोर, सोने के गहने-नकदी और मोबाइल ले उड़ा

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के मोहल्ला काजीवाड़ा में एक अधिवक्ता के घर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर छत के रास्ते से घर में घुसा और नकदी, गहने व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता शफीउद्दीन ने पुलिस को बताया कि वारदात 18 मार्च की रात करीब 2 बजे की है। वह बरामदे में अपने पुत्र के साथ सो रहे थे। उनकी पत्नी और बेटी कमरे में सो रही थीं।

इसी दौरान एक चोर छत के रास्ते से घर में घुस आया। पीड़ित की बेटी को कमरे में किसी की आहट सुनाई दी। उसने तुरंत अपनी मां को




आवाज दी। आवाज सुनते ही चोर छत के रास्ते भाग निकला। चोर अलमारी से दो सोने की अंगूठियां और दस हजार रुपये ले गया। इसके अलावा पीड़ित के कपड़ों की जेब से 2500 रुपये और दो मोबाइल फोन भी चुरा लिए। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# रूसी विदेश मंत्री बोले- पुतिन जल्द ही भारत जाएंगे यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार



**रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुतिन के भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि पुतिन की यात्रा की तारीख का खुलासा नहीं किया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा जब रूसी राष्ट्रपति भारत आएंगे**

**मास्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा 'रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' शीर्षक से एक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसे रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। अपने वीडियो संबोधन के दौरान लावरोव ने कहा, 'पुतिन के भारत आने की व्यवस्था की जा रही है।' पीएम मोदी ने पहली विदेश यात्रा रूस में की, अब हमारी बारी है: लावरोव सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव के हवाले से कहा, 'राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। पुतिन की भारत की यात्रा की तैयारी की जा रही है।' इस दौरान लावरोव ने कहा कि पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुने जाने के बाद, उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा रूस में की थी। उन्होंने कहा, 'अब हमारी बारी है।' अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने पुतिन को भारत आने का दिया था निमंत्रण बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2024 मेंरूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली यात्रा थी। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था। अपनी 2024 की यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। रूस भारत के साथ विकसित कर रहा विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी 24 मार्च को, लावरोव ने कहा कि रूस भारत के साथ 'विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' विकसित कर रहा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में बताया।

# दक्षिण कोरिया में आग ने मचाई तबाही, अब तक 26 लोगों की मौत



**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणी क्षेत्र में भड़की आग ने तबाही मचा दी है। इस आग में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 300 से ज्यादा इमारतें और अन्य संरचनाएं नष्ट हो गईं हैं। लगातार बढ़ रही आग के चलते 24 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। अफसरों का कहना है कि मरने वालों में एक पायलट शामिल है। उसका हेलीकॉप्टर आग पर काबू पाने के प्रयासों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके अलावा चार अग्निशमन कर्मी और अन्य श्रमिक तेज हवाओं के चलते लपटें बढ़ने से आग में फंसकर मर गए।

अधिकारियों का कहना है कि आग को शांत करने और लोगों को बचाने के लिए हजारों कर्मियों और हेलीकॉप्टरों को लगाया गया है। कोरिया के वन सेवा प्रमुख लिम सांग सियोप ने कहा कि गुरुवार को थोड़ी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन यह आग बुझाने के लिए काफी नहीं पड़ी।

सरकारी आपदा प्रतिक्रिया केंद्र ने बतायर कि आग ने दक्षिण-पूर्व में 35,810 हेक्टेयर (88,488 एकड़) जमीन को जला दिया है। देश में यह अब तक की सबसे बड़ी आग मानी जा रही है। आग के चलते 30 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए नौ हजार से अधिक लोगों और लगभग 120 हेलीकॉप्टरों को जुटाया गया है। कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने कहा कि नुकसान बढ़ रहा है। ऐसे नुकसान हमने पहले कभी नहीं देखे हैं। हम आग को बुझाने की अपनी सभी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कोरिया वन सेवा ने आग की चेतावनी को बढ़ा दिया है। स्थानीय सरकारों को आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए अधिक श्रमिकों को नियुक्त करने, जंगलों और पार्कों के लिए प्रवेश प्रतिबंधों को कड़ा करने और सैन्य इकाइयों को लाइव-फायर अभ्यास को रोकने की सिफारिश करने के लिए कहा गया है।

# हाई सिक्योरिटी जोन में घुसा बच्चा, व्हाइट हाउस सीक्रेट सर्विस अफसरों ने पकड़ा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में बुधवार को एक रोचक घटना देखने को मिली। एक छोटा बच्चा बाड़ से निकलकर व्हाइट हाउस में घुस गया, जिसे सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस में घुसते हुए देख लिया। उन्होंने बच्चे को पकड़कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई।

वीडियो में सीक्रेट सर्विस का एक एजेंट बच्चे को गोद में उठाकर व्हाइट हाउस के लॉन के बाहर ले जाता हुआ दिख रहा है। वह बच्चे को दूसरे अधिकारी को सौंपता है। फिर वह बच्चे को उसके माता पिता के पास ले जाता है।

## शाम 6:30 बजे के आसपास हुई घटना

सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ओवल ऑफिस से नियोजित ऑटो टैरिफ की घोषणा के लगभग एक घंटे बाद शाम 6:30 बजे के आसपास हुई। एक बच्चा व्हाइट हाउस के उत्तरी लॉन पर लगी बाड़ से निकलकर अंदर घुस गया। गुग्लिल्मी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'यूएस सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने बच्चे को बाड़ के बीच से निकलते हुए देखा, जिसके बाद अधिकारियों ने बिना किसी घटना के बच्चे को तुरंत उसके माता पिता से मिलवाया

**ऑनलाइन शेयर होने के बाद यूजर्स ने की मजेदार टिप्पणियां :** वीडियो ऑनलाइन शेयर होने के बाद से हजारों बार देखा गया और पसंद किया गया। सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने इस घटना पर मजेदार टिप्प्पणियां कीं। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, 'वाह। वह बस एक मिनट के लिए एक्स मस्क के साथ खेलना चाहता था!' एक अन्य ने मजाक करते हुए कहा, 'हाहाहा, मुझे एजेंट 1 का मजा आया, जो बच्चे को एजेंट 2 को सौंप रहा है।' एक तीसरे यूजर ने लिखा, 'वह वास्तव में एक बौना जासूस था जो गुप्त सेवा की सुरक्षा का परीक्षण कर रहा था।'

बता दें कि व्हाइट हाउस परिसर 18 एकड़ में फैला है, जो सीक्रेट सर्विस के एजेंटों, मिशन सहायता कर्मियों और उन्नत सुरक्षा प्रणालियों द्वारा सुरक्षित है। 2023 में भी उत्तरी लॉन में घुसा था एक बच्चा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब कोई बच्चा व्हाइट हाउस की बाड़ के बीच से निकला हो।

# कड़ी सुरक्षा में रवाना हुई जाफर एक्सप्रेस बलूचिस्तान हाईजैक के बाद ट्रेन सेवाएं बहाल



**वॉशिंगटन ।** पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक के करीब दो हफ्ते बाद जाफर एक्सप्रेस का परिचालन कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से शुरू किया गया। गुरुवार को यह ट्रेन पेशावर कैंट रेलवे स्टेशन से क्वेटा के लिए रवाना हुई। 280 यात्रियों वाली इस ट्रेन को संघीय मंत्री अमीर मकाम ने ट्रेन के यात्रियों को विदा किया। 28 लोग पेशावर से क्वेटा की यात्रा कर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर छावनी रेलवे स्टेशन पर नमाज भी अदा की गई। राष्ट्रीय ध्वज, रंगीन झंडों और गुब्बारों से सजी यह ट्रेन शुक्रवार को वापस लौटेगी।

जाफर एक्सप्रेस फिर से शुरू करना सकारात्मक कदम ट्रेन रवाना होने पर पेशावर कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन पर मंत्री मकाम ने कहा, आतंकियों के मंसूबे सफल नहीं होंगे। उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्वेटा से देश के बाकी हिस्सों के लिए भी जल्द शुरू होंगी सेवाएं संघीय रेलवे अधिकारियों ने आगे बताया कि जाफर एक्सप्रेस एकमात्र ऐसी ट्रेन है जो देश के चारों प्रांतों से होकर गुजरती है। अधिकारियों के अनुसार, क्वेटा से देश के बाकी हिस्सों के लिए ट्रेन सेवाएं भी शुक्रवार से बहाल कर दी जाएंगी। जाफर एक्सप्रेस पेशावर लौटेगी, जबकि एक अन्य ट्रेन बोलन मेल कराची के लिए एक बार फिर रवाना होगी। बता दें कि बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से ट्रेन सेवाएं 11 मार्च के हमले के बाद से निलंबित थीं। पूर्व पीएम इमरान खान के दल- पीटीआई ने समारोह से दूरी बनाई यह भी दिलचस्प है कि ट्रेन सेवाओं के दोबारा बहाल होने के मौके पर पेशावर की प्रांतीय सरकार मौजूद नहीं रही। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक दल- पीटीआई के नदारद रहने पर मंत्री मकाम ने पिछले 12 वर्षों से प्रांत की सत्ता पर काबिज लोगों की आलोचना करते हुए कहा, वे केवल 'इस्लामाबाद जीतने' पर ध्यान दे रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा के लोगों ने पहले भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

# इमामोग्लू की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग, दागी रबड़ की गोलियां



**इंस्ताबुल ।** तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से तुर्किये में बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस ने अंकारा में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया। पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया और रबड़ की गोलियां दागी। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार भी की गई।

भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में हिरासत में कैद इस्तांबुल मेयर एक्रेम इमामोग्लू को रविवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से देशभर में इमामोग्लू की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए। इन्हें बीते एक दशक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन बताया जा रहा है।

गुरुवार सुबह जब छात्र प्रदर्शनकारियों ने मार्च करने की कोशिश की और मध्य पूर्व स्थित तकनीकी विश्वविद्यालय के गेट के पास एक इकट्ठा हुए, तो सुरक्षा बलों ने उन पर मिर्च स्प्रे, पानी की बौछारें और रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके बाद छात्र कूड़े के डिब्बों से बने बैरिकेड के पीछे छिप गए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

इस दौरान इमामोग्लू की पार्टी के विधायक मेलिह मेरिक को पानी से भीगे नजर आए। उन पर भी मिर्च स्प्रे किया गया। मेरिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि छात्र केवल एक प्रेस वक्तव्य देना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सख्ती से इसकी अनुमति नहीं दी और बल प्रयोग किया। एक दूसरे नेता ओजगुर ओजेल ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया, तो वे पांच लाख लोगों को उस स्थान पर आने के लिए कहेंगे जो एर्दोआन को सबसे अधिक परेशान करेगा। इसके अलावा इस्तांबुल सिटी हॉल के बाहर भी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। कादिकोय और सिसली जिलों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने मार्च किया।

# दक्षिण फ्लोरिडा में गोलीबारी महिला और तीन बच्चों की मौत

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एक बार फिर भीषण गोलीकांड का मामला सामने आया है। बताया गया कि बुधवार रात दक्षिण फ्लोरिडा में एक महिला और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और दो अन्य को अस्पताल ले जाया गया। ब्रोवार्ड शेरिफ कार्यालय के अग्निशमन बचाव बटालियन प्रमुख माइकल केन ने साउथ फ्लोरिडा सन सेंटिनल को बताया कि पेम्ब्रोक पार्क में गोलीबारी रात करीब 8 बजे हुई। एक वयस्क पुरुष और एक लड़की को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ले जाए गए दो लोगों की स्थिति तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई। समाचार रिपोर्ट के मुताबिक, पेम्ब्रोक पार्क पुलिस के प्रवक्ता इवान रॉस ने गोलीबारी को घरेलू घटना बताया। इससे पहले महीने की शुरूआत में फ्लोरिडा के नौसैनिक स्टेशन पर गोलीबारी की घटना हुई थी। अमेरिका में नए साल का आगाज भी हमलों और गोलीबारी के साथ हुआ था। पहले न्यू ऑर्लियंस में आतंकी हमला इसके बाद ट्रंप टावर के बाहर धमाका ।




# सेना का दावा- खार्तूम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नियंत्रण में लिया



**काहिरा ।** सूडान की सेना ने बुधवार को दावा किया कि उसने खार्तूम में एक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को नियंत्रण में ले लिया है। इसके अलावा, प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' (आरएसएफ) के एक अहम ठिकाने को भी कब्जे में लिया है। इस कदम से सेना करीब दो वर्षों के संघर्ष के बाद पहली बार राजधानी पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के करीब पहुंच गई है।

सेना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उसने हवाई अड्डे को नियंत्रण में ले लिया है। जनरल अब्देल-फतह बुरहान वहां उतरे और सैनिकों से मिले। साझा किए गए वीडियो में बुरहान हेलीकॉप्टर से मुस्कराकर उतरते हुए दिखे, जबकि रनवे पर कुछ मलबा दिखाई दे रहा था। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनर नबील अब्दुल्ला अली ने सोशल मीडया पर बताया कि सेना ने आरएसएफ के अंतिम गढ़ तैबा अल-हसनाब कैंप को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है। हालांकि, आरएसएफ की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**खार्तूम अब आजाद है: सेना**

**नियंत्रित सरकार के प्रवक्ता :** सूडानी सेना ने शुक्रवार को संघर्ष से पहले की सरकार के मुख्यालय रिपब्लिकन पैलेस को फिर से अपने कब्जे में लिया। अप्रैल 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद रिपब्लिकन पैलेस, हवाई अड्डा और राजधानी के बड़े हिस्से आरएसएफ के नियंत्रण में थे।

# उत्तर कोरिया ने इस साल रूस को भेजे 3000 सैनिक



**उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में लगातार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को समर्थन दे रहा है। इस साल भी जनवरी और फरवरी में उत्तर कोरिया ने रूस को लगभग 3,000 अतिरिक्त सैनिक भेजे हैं**

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की सेना ने बृहस्पतिवार को इसका खुलासा किया।

**किम जोंग की रूसी सुरक्षा अधिकारी के साथ बैठक के बाद आई रिपोर्ट :** दक्षिण कोरियाई सैन्य रिपोर्ट उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की पिछले सप्ताह प्योंगयांग में रूस के सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु के साथ बैठक के बाद आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, किम ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसके अलावा, रूसी उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने बृहस्पतिवार को बताया कि सरकारें किम की संभावित रूस की यात्रा पर चर्चा कर रही हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कब हो सकती है।

दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया रूस को और अधिक मिसाइलें, तोपखाने के उपकरण और गोला-बारूद भी भेज रहा है। युद्ध की स्थिति के अनुसार, उत्तर कोरिया अपने हथियारों की आपूर्ति बढ़ा सकता है। हाल ही में, रूस और यूक्रेन ने सीमित युद्ध विराम पर सहमति व्यक्त की है, लेकिन दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर युद्ध विराम उल्लंघन का आरोप लगाया है।

## सैन्य उपकरणों में बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल

उत्तर कोरिया द्वारा रूस को भेजे गए सैन्य उपकरणों में काफी मात्रा में कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें, 170 मिलीमीटर के स्व-चालित हॉवित्जर और 240 मिलीमीटर के कई रॉकेट लांचर शामिल हैं। खेप में इन रॉकेट लॉन्चरों की लगभग 220 इकाइयां शामिल हैं। उत्तर कोरिया ने 1950-53 के कोरियाई युद्ध के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर संघर्ष में भाग लेने के लिए यूक्रेन के खिलाफ लगभग 11,000 सैनिक भेजे हैं।

दक्षिण कोरियाई सेना के आकलन के अनुसार, इनमें से लगभग 4,000 लोग मारे गए या घायल हुए हैं। **रूसी कमांडरों की कठिन रणनीतियों से सैनिकों को हो रहा नुकसान :** दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने पहले बताया था कि उत्तर कोरियाई सैनिकों की हताहत संख्या के पीछे आधुनिक युद्ध और ड्रोन जैसे तत्वों के साथ अनुकूलन में मुश्किलें हैं। जनवरी में, जासूसी एजेंसी ने बताया था कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को उनके रूसी कमांडरों की कठिन रणनीतियों से नुकसान हो रहा है। हालांकि, यूक्रेनी सैन्य और खुफिया अधिकारियों का आकलन है कि उत्तर कोरियाई सैनिक महत्वपूर्ण युद्ध अनुभव प्राप्त कर रहे हैं ।

# बलूचिस्तान में छह बस यात्रियों की हत्या, कैमरून में इस्लामिक आतंकियों ने 12 सैनिकों को मारा



**बलूचिस्तान ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में यात्री बस पर बंदूकधारियों के हमले में छह नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा आतंक की एक अन्य वारदात मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में हुई। यहां इस्लामिक लड़ाकों ने 12 सैनिकों की हत्या कर दी। बलूचिस्तान में यात्री बस पर हमले की खबर के बारे में मिली सूचना के मुताबिक हमला बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ। बलूचिस्तान पाकिस्तान का बेहद संवेदनशील और अशांत प्रांत है। यहां गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतार कर गोली मार दी।

## कराची जाने वाली बस पर हमला

बस पर हमले में घायल एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया। हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस को निशाना बनाया। इसमें सवार पांच यात्रियों को नीचे उतारकर गोली मार दी गई। इस वारदात के संबंध में ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान ने बताया कि हमले में घायल एक यात्री की मौत इलाज के दौरान हुई। फिलहाल इस हमले की किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

**राष्ट्रपति जरदारी ने जताया दुख; सीएम बोले- यात्रियों की पहचान के आधार पर हत्या कायरतापूर्ण :** बलूचिस्तान में बस पर हमले के संबंध में डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक हथियारबंद लोगों ने यात्रियों के आईडी कार्ड चेक करने के बाद उनकी हत्या की। तीन यात्रियों को बंदूकधारी अपने साथ ले गए। इस वारदात पर दुख प्रकट करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा, आतंकवादी देश के विकास और बलूचिस्तान की समृद्धि के दुश्मन हैं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने यात्रियों की पहचान के आधार पर हत्या को जघन्य और कायरतापूर्ण कृत्य बताया। सीएम ने कहा, कट्टर आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा।

## इछअ के हमले के बाद बलूचिस्तान में कई हमले

बता दें कि इस महीने की शुरूआत में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 440 यात्रियों वाली ट्रेन को अगवा कर लिया था। इस घटना में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की हत्या कर दी गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराने के साथ-साथ 354 बंधकों को छुड़ाने का दावा किया। इस घटना के बाद से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं।

# जनता को समृद्ध, सशक्त और सम्पन्न बनाने के लिए संकल्पित : नरेन्द्र कश्यप

## 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के साथ केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व राज्य सरकार के 8 वर्ष पूर्ण'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा "सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति" के साथ केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "उत्कर्ष के 8 वर्ष" थीम पर कविनगर रामलीला मैदान में "मेला व प्रदर्शनी" के भव्य कार्यक्रम के तृतीय व समापन दिवस में मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0 सरकार उपस्थित रहे। मंत्री जी को कविनगर रामलीला मैदान परिसर में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान डबल इंजन की सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं पर बनी टेलीफिल्म दिखाई गयी, जिसमें लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव को भी साझा किया गया।

### डबल इंजन की सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम बनाते हुए रोजगार देने वाला बनाया : राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार



**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप मा0राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा "सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति" के साथ किये गये विकास कार्यों, संचालित योजनाओं की जानकारी तीन दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से दी गयी। 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की पहचान बीमारू, अपराधिक, दंगाई प्रदेश के नाम से होती थी। उत्तर प्रदेश का निवासी बताने पर दूसरे प्रदेश के लोग उन्हें किराये पर कमरा देने में भी घबराते थे। लेकिन आज दिल्ली सहित दूसरे प्रदेशों के लोग उत्तर प्रदेश में बसना चाहते हैं। आज उत्तर प्रदेश में हमारी मां, बहन, बेटियां अपने आप को सुरक्षित मानते हुए निर्भर–निडर हैं। 2017 में उत्तर प्रदेश अर्थव्यस्था के क्षेत्र में 7वें नम्बर पर था, कहा जाता था कि देश की प्रगति में उत्तर प्रदेश बाधा उत्पन्न करने वाला राज्य है, किन्तु उसके विपरीत आज अर्थव्यस्था में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर पर हैं। उन्होंने आगे कहा, डबल इंजन की सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम बनाते हुए रोजगार देने वाला बनाया।



### उत्तर प्रदेश विकास, रोजगार, उद्योग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा आदि क्षेत्रों में नम्बर 1 पर होगा : नरेन्द्र कश्यप

करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आगे कहा कि हर व्यक्ति को समृद्ध बनाते हुए मान–सम्मान से जीने का अधिकार मिला है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश विकास, रोजगार, उद्योग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा आदि क्षेत्रों में नम्बर–1 होगा। उन्होने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र व उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। इसके लिए हम सभी को मोदी–योगी का साथ देना है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर अपनी आस्था को प्रकट करते हुए सनातन धर्म का गुणगान किया। यह सब मोदी–योगी के राज में ही सम्भव हो पाया है। इससे प्रदेशवासियों में सद्भाव और समरसता बढ़ी है। डबल इंजन की सरकार हर व्यक्ति को समृद्ध, सशक्त और सम्पन्न बनाने हेतु संकल्पित है।

### 2029 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्थता नम्बर 1 पर लाना योगी सरकार का लक्ष्य : नरेन्द्र कश्यप

करंट क्राइम। नरेंद्र कश्यप ने कहा, सीएम योगी का लक्ष्य है कि 2029 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्थता 1 ट्रिलियन डॉलर तक लाते हुए अर्थव्यवस्था में नम्बर 1 पर लाया जायेगा। पहले उत्तर प्रदेश को उद्योगपति छोड़कर जा रहे थे और योगी जी के राज में 41 देशों में करोड़ों के एमओयू साईन किये गये जिसमें से उद्योगपतियों द्वारा 15 लाख करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में किया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला।

### कार्यक्रम में गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र, जीडीए वीसी अतुल वत्स, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, लाभार्थी, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी, जनपदवासी उपस्थित रहे। मंच संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक की

## मीटिंग में उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं का किया निराकरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन मेरठ में समिति के सदस्यों के साथ व डा0 विजय कुमार सिंह जिलाधिकारी मेरठ एवं मेरठ, बागपत, हापुड जिले से विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद मेरठ, बागपत, हापुड़ के विद्युत विभाग से सम्बन्धी विभागीय कार्यो की समीक्षा की बैठक के दौरान पिछले तीन वर्षो में किये गये कार्यो के बारे मे अवगत कराया गया। इससे पहले सभागार पहुंचने पर सभापति दिनेश गोयल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



मेरठ, बागपत जिले के विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्याओं से सभापति को अवगत कराया जिसपर उन्होंने तत्काल अधिकारियों से उनका समाधान करने हेतु आदेश दिया। मेरठ पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला व पटका पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न आये इस पर अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्विनी त्यागी, सदस्यगण विधान परिषद रतनलाल व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# वेब सिटी व किसान भाइयों के बीच के झगड़े का निपटारा जल्द किया जाए : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को एक पत्र के माध्यम से गुजारिश की है कि आनेवाली 30 मार्च 2025 से हिंदू धर्म के हिसाब से बहुत ही पवित्र दिन नवरात्रि आरंभ होने जा रहे हैं। हिंदू धर्म के रीति रिवाज को मानने वाला व्यक्ति इन पवित्र दिनों में व्रत रखते हैं। ऐसे में किसान भाई धरने पर बैठे हुए कैसे व्रत का पालन कर पाएंगे। इन्हें बैठे हुए काफी लंबा समय हो गया है। क्या कारण है कि इसका कोई रास्ता नहीं बन पा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी हुई है (20 /5/2014) के हिसाब से जो बिल्डर और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच एक समझौता हुआ था। किसान चाहते हैं कि इस समझौते को चालू कर दिया जाए। वेव सिटी व विकास प्राधिकरण व किसानों के बीच हुए समझौते को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि किसान भाइयों की मुख्य मांग सभी किसानों को 8% भूखण्ड दिया जाए व भूमिहीन को 120 मीटर का भूखण्ड दिया जाए। इंद्रजीत सिंह टीटू ने निवेदन किया कि मुझे आशा ही नहीं उम्मीद है आप निवेदन को स्वीकार करते हुए प्रशासनिक अधिकारी उपाध्यक्ष गाजियाबाद प्राधिकरण और आप स्वयं इसमें भागीदारी करते हुए किसान भाइयों को जल्द अपने घर भेजने का काम करेंगे।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ में शामिल हुए 20 कर्मचारी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी डिपो में दर्जनों कर्मचारियों ने दूसरे संगठनों को छोड़ कर उत्तर प्रदेश रोडवेज संघ की सदस्यता ग्रहण की और कौशांबी डिपो का चुनाव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष, राकेश तितोरिया, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र सिंह, प्रशासनिक शाखा मंत्री अनिल कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सक्सेना, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष उमेश दीक्षित, सुबोध, इंद्रजीत, इंद्रपाल विकास कुमार, अजय चिकारा, राजीव, सुरेंद्र आदि के साथ साथ सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।





क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश तितोरिया के नेतृत्व में 20 कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की सदस्यता ले ली। डिपो में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। अनिल कुमार ने बताया कि कौशांबी डिपो उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ की चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई। जिसमें यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन व रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण की।

# विकसित भारत युवा संसद का किया गया आयोजन

## गाजियाबाद जनपद से तीन विजेता, यूपी विधानसभा में परचम लहराने को हैं तैयार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में बुधवार को विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 21 व 22 मार्च 2025 को नोडल जनपद स्तरीय युवा संसद का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा के द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में हुआ। कार्यक्रम में गाजियाबाद, बागपत और गौतमबुद्धनगर जनपद से चयनित कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया और विकसित भारत के मार्ग को प्रशस्त करने में एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली की भूमिका पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद ने बताया कि 150 चयनित युवाओं मे से 10 युवाओं को लखनऊ विधान सभा में आयोजित होने वाली राज्य युवा संसद के लिए चुना गया, जो वहां अपने-अपने जनपदों का प्रतिनिधित्व करेंगे। नोडल स्तर पर विजेता युवाओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और निर्णायक मंडल द्वारा राज्य युवा संसद के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया गया। राज्य स्तर पर लखनऊ विधानसभा में 28 से 29 मार्च 2025 को प्रदेश के 24 नोडल जनपदों में से प्रत्येक में 10-10 चुने गए 240 प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। लखनऊ में 28 मार्च 2025 को कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं विधान परिषद के सभापति भी उपस्थित रहेंगे। इन प्रतिभागियों में से तीन युवाओं का चयन राष्ट्रीय युवा संसद के लिए किया जाएगा। जिन्हे नई दिल्ली में देश की संसद में अपने विचार रखने और विभिन्न संसदीय सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का समापन 29 मार्च 2025 को किया जाएगा जिसमें वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा संसद में विजेताओं में जनपद बागपत से शिवम, सुषमा और सपना; जनपद गाजियाबाद से हर्षिता, काशवी और अनन्या तथा जनपद गौतमबुद्धनगर से विवेक तिवारी, अनिरुद्ध, वेदांत व्यास और पलक आर्य का चयन हुआ है। जनपद नोडल स्तर पर निर्णायक मंडल में प्रिंस इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की डायरेक्टर डॉ. सपना आर्या, शिक्षाविद डॉ. सत्यवीर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर पंकज सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपक राय और सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कौशिक रहे। निर्णायकों ने युवाओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तार्किकता और विचारशीलता यह दर्शाती है कि वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



विकसित भारत युवा संसद में बोले युवा, मार्ग में बाधाएं चाहे अनेक हों, यदि राष्ट्र एक है तो चुनाव भी एक हो युवा संसद में युवाओं ने अपने विचारों और तर्कों से निर्णायकों को प्रभावित किया। हम आशा करते हैं की जिला गाजियाबाद के युवा राज्य स्तर पर अपना स्थान बनाकर देश की संसद में राज्य और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक आयोजित

## बैठक में विचार-विमर्श के बाद 10 बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किये गये





**मोदी नगर, करंट क्राइम।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मोदीनगर की नव निर्वाचित सामान्य निकाय की प्रथम बैठक गुरुवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मोदीनगर के हॉल में आयोजित की गयी। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए प्रस्ताव पारित किये गये। (1) गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करने पर विचार। (2) वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट को स्वीकार करने का प्रस्ताव पारित किया गया। (3) समिति का वित्तीय वर्ष 2024–25 में बजट के अनुसार अंकन 535.88 लाख रू० के सापेक्ष फरवरी 2025 तक खर्च हुए अंकन 289.01 लाख रू0 का अनुमोदन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। (4) चीनी मिलों से गन्ना मूल्य भुगतान करने में तेजी लाने का प्रस्ताव पारित किया गया। (5) समिति की दुकानों के ऊपर प्रथम तल पर बने हॉलों को दुकानो में परिवर्तित कराने का प्रस्ताव पारित किया। (6) कृषकों की मांग के अनुसार समिति द्वारा कीटनाशक एवं जैविक उर्वरक क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया। (7) पेराई सत्र 2024–25 में गन्ना आपूर्ति करने हेतु बनाये गये समिति के नये एवं वारिस सदस्यों के अनुमोदन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। (8) समिति का अधिकतम दायित्व निर्धारण करने पर प्रस्ताव पारित किया गया। (9) समिति की ऋण सीमा स्वीकृत कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। (10) समिति के कार्यालय के कक्ष को रिनोवेशन / नवीनीकरण कराने का प्रस्ताव पारित किया। उक्त के अतिरिक्त डेलीगेटस द्वारा अवगत करायी गयी समस्याओं के प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक पूर्णत: शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अन्त में सभापति द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों कहते हुए उन्होंने ली अंगड़ाई, कहा कामयाब हो गई नदिया पार के शर्मा जी की ग्यारह डुबकी? जो उन्होंने कुछ कुछ दिन पहले थी गंगा जी में लगाई? आप देख रहे हो ना किस तरह, दो दोस्तो और उनकी टीम का हो गया है सूपड़ा साफ? बस अब हमें शर्मा जी की डुबकियों से बच कर रहना है? ना जाने कौन सी डुबकी में वो निपटा दे हमारा हिसाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि भगवा मैम्बर सौलंकी हैं क्रान्तिकारी विधायक के बहुत ज्यादा दिल के करीब? जब से छिड़ी है विधायक जी की सिस्टम से जंग? तब से उतनी शिद्दत से नजर नहीं आ रहे हैं मिस्टर सौलंकी विधायक जी के नजदीक? कहने वाले ने कहा भगवा सौलंकी बहुत सोच समझकर पढ़ते हैं राजनीति के चैप्टर? इसलिए इस मामले में उन्होंने डाउन किया हुआ है अपना कैरेक्टर? बिरादरी के बैलेंस का भी रखना है उनको ध्यान? इसलिए उतनी शिद्दत से वो विधायक जी का नहीं कर पा रहे हैं गुणगान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर समझने वाले समझ गये होते उसी वक्त सारा गेम? तो आज उड़ रहा होता किसी और की उम्मीदों प्लेन? कहने वाले ने कहा नदिया पार के आलोक भैया को हैवीवेट वालों ने बनाया था मिस्टर गोयल का प्रस्ताव? अगर इस बात पर तभी देने वाले दे देते ध्यान? तो हो जाता उसी वक्त प्राप्त ज्ञान? क्लीयर हो जाती गोयल साहब को लेकर सारी तस्वीर? मगर हैवीवेट वालों का भी तोड़ नहीं है? उन्होंने धनुष की टंकार पर एक नहीं, साधे थे दो–दो एक ही बिरादरी वाली तीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट वाले आजकल दे रहे हैं तरह–तरह के पैगाम? वो गुनगुना रहे थे मेरा आपकी दुआ से हो रहा है काम? उनकी मुस्कुराहट करा रही थी क्षेत्र में हो रहे विकास का एहसास? वो कह रहे थे रैपिड रेल से लेकर मेरे क्षेत्र में उड़ रहा है हवाई जहाज? उत्तरांचल से लेकर पूर्वांचल भवन की मिली है क्षेत्र को सौगात? मेट्रो भी मेरे एरिया में दौड़ती है और ऐलीवेटिड रोड का है गजब का अंदाज? कहने वाले ने कहा हकीकत में अगर बाकी विधानसभाओं के मुकाबले साहिबाबाद को देखें तो यहां पर हैवीवेट पॉवर से हुआ है हद से ज्यादा विकास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा ने भरी मीटिंग में दे दिया है देने वालों को संदेश? कह दिया है कितना ही घूम लो कितना ही जोर लगा लो होगा तो वही जो चाहने वाला चाहेगा? कहने वाले ने कहा कि मैं भगवा योद्धा की बात का पूरा मतलब नहीं समझा हूं? क्या कोई मुझे बतायेगा? कहने वाले ने कहा भगवा योद्धा ने घुमा फिराकर कहनी थी कह दी है गहरी बात? अब या तो किनारे पर बैठ कर लहरों को गिन लो? या फिर समंदर में डुबकी लगा दो बेहिसाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था संगठन वाली बैठक में मौजूद? भगवा योद्धा की मौजूदगी में हमें नजर आ रहा था भगवा रेस्लर का वजूद? हमने देखा वो इस पूरी मीटिंग में रहे बहुत ज्यादा चुप? नजरों को नीचे करके उन्होंने नहीं की किसी से भी नैनों वाली मुलाकात? जब तक मीटिंग चली, तब तक उनका फेस नीचे ही रहा? कुछ मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी बता रहे थे हमको ये बात? कहने वाले ने कहा कोई समझ नहीं रहा है, कुछ तो है जो लगा है कमांडर के दोस्त के दिल को आघात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा की टीम में होनी है चार महानमंत्रियों की ताजपोशी? मगर यहां पर इस बार महिला फैक्टर का भी रखा जायेगा ध्यान? एक महिला के चेहरे को महानमंत्री भी बनाना है? कुछ ऐसा बनाया है इस बार पार्टी ने प्लान? कहने वाले ने कहा ऐसे में हमें रनिता दीदी का मामला दिख रहा है मजबूत? कौशिक दीदी भी मजबूत करना चाहेंगी अपना वजूद? इसके अलावा भी कई महिला चेहरे हैं महानमंत्री बनने को तैयार? अब देखना ये है कि भगवा योद्धा किस चेहरे को देंगे इस बार महानमंत्री वाला किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में चल रहा है गजब का फसाना? भगवा योद्धा की टीम में आने को आतुर दिख रहे हैं दो–दो कसाना? विनोद से राजनीति करने वाले कसाना जी पर बताया जाता है गोयल साहब का हाथ? कुल में दीप जलाने वाले कसाना जी लेकर चलते हैं हैवीवेट वाली पॉवर अपने साथ? कहने वाले ने कहा इन दोनों कसानाओं के बीच में कहीं ले ना लें तीसरा कसाना अंगड़ाई? क्योंकि एक कहावत तो सबने सुनी है जब हो रही होती है दो में जंग? तो तीसरा खाता है बैठ कर आराम से मलाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर में हुई विधायक जी की भगवा योद्धा की मौजूदगी में पीसी? उसमें तीन भगवा कमिश्नर और स्थानीय पार्षद का नजर ना आना तमाम तरीके की चर्चा बटोर रहा था यार? कहने वाले कह रहे थे इतनी महत्वपूर्ण कान्फ्रेंस में कम से कम स्थानीय भगवा कमिश्नर और पार्षद के होने चाहिए थे दीदार? कहने वाले ने कहा अभी तो पार्टी शुरू हुई है? अभी तो और भी नजारे सामने आयेंगे यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार भगवा मास्टर जी और ककक...करन को सौंपा गया था मीडिया का काम? हम देख रहे थे ये दोनों पूरी शिद्दत से भेज रहे थे मीडिया वालों को पैगाम? दोनों ने खुद को किया काफी हद तक प्रूफ? ऐसा दोनों की एक्टिविटी को देख कर लगा कि भगवा योद्धा इन्हें अपनी टीम में देंगे वजूद? यूं ही नहीं इनसे डॉयल कराये गये फोन? लगता है भविष्य में मजबूत होगी अब दोनों की टोन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अजय चौधरी के बेटे आरम्भ का हैप्पी बर्थडे है। अपने सुपुत्र के जन्मदिन पर अजय चौधरी ने सभी से आशीर्वाद की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।